Sir, I do not want to take more of your time. I want to come to the suggestions. But I would just make one final point. Pakistan, as I mentioned in the course of discussion on the President's Address, is the minor part of the problem. The real problem is going to be China. They are continuing to do exactly the same things. They have taken the land at Spanduk; that is what I

told you. The Government has not come up with any refutation. In fact, now, when you denied things about Sikkim, you had to move heavy armours there; you had to move fresh deployments in the North-East. And, you are continuing to keep the House and the people of India in darkness about what is happening. This is exactly what happened between 1959 and 1962.

Sir, my final one minute will be on what I think are the conclusions and recommendations which I would make to the Government. First, it is a treacherous situation. Secondly, in dealing with that situation, we have become precariously dependent on the United States. We are, therefore, for a partnership with the United States; but you are ensuring subservience to the United States. We must aim for a much more diversified alliance system. For that, I believe, under fine Foreign Secretaries and others — the size of our Foreign Service today, as Sushilji knows, is that of a Scandinavian country; it is really that in numbers — we must quadruple our aid programmes. If necessary, get better draftsmen. And, do not delude yourselves and our country that because you can manage stories in the media, you have managed the situation on the ground. Thank you very much.

श्री मोहम्मद अमीन (पश्चिमी बंगाल): डिप्टी-चेयरमैन सर, मैं अपनी बात उर्दू के एक शेर से शुरू करना चाहता हूँ।

"जो मैं सरबे सजदा हुआ कभी, तो जमीं से आने लगी सदा
तेरा दिल तो है सनम आशना, तुझे क्या मिलेगा नमाज"

जो लोग उर्दू नहीं समझ पाए हैं, उनके लिए मैंने इसका हिन्दी तर्जुमा भी बना कर रखा है — जो मैं मंदिरों में कभी गया, तो यह देवताओं ने कह दिया, तेरे मन में तो है तेरी प्रेमिका, तुझे उपासनाओं में मिलेगा क्या।

अमेरिका का प्रेम दिल में ऐसा बैठ गया है कि इस ताल का सबसे बड़ा मौजू फॉरेन मिनिस्ट्री के बहस के बारे में, वह है इंडो-यूएस डील। हमारे दोस्त अरुण शौरी जी ने जहाँ खत्म किया है, मैं वहीं से शुरू करना चाहता हूँ। ...**(व्यवधान)**...

सर, जब मुल्क का बँटवारा हुआ, तो मेरी उम्र 19 बरस थी। चूँकि मैं अखबारनवीस हूँ, इसलिए मुझे सारी बातें याद हैं।

यह सही है कि उस वक्त जवाहर लाल नेहरू जी ने हिन्दुस्तान की फॉरेन पॉलिसी को बनाया था और उन्होंने नॉन-एलाइनमेंट का रास्ता अख़्तियार किया था और 'Five Principles for Peaceful Coexistence' का रास्ता अख़्तियार किया था। उस वक्त दुनिया का जो नक्शा था, उसके मुताबिक यह बिल्कुल सही पॉलिसी थी और उससे हिन्दुस्तान को फायदा भी पहुंचा। यह बात सबको मालूम है कि उस वक्त सोवियत यूनियन एक मज़बूत ताक़त के तौर पर मौजूद था और सोवियत यूनियन ने हिन्दुस्तान की बेमिसाल मदद की। मुझे एक मर्तबा भिलाई स्टील प्लांट देखने का मौका मिला था और मैं उसे देख कर हैरत में रह गया कि जहां लाखों टन स्टील पैदा होता है, मज़दूरों का काम सिर्फ बटन दबाना है। सोवियत यूनियन ने बगैर किसी शर्त के आधुनिक टेक्नोलॉजी बनाकर हिन्दुस्तान की मदद की थी। ऐसी कोई भी मदद किसी अन्य साम्राज्यवादी देश की तरफ से आई हो, यह मुझे मालूम नहीं। वे अगर कुछ करेंगे तो उसके साथ अपनी शर्त लगाएंगे। इम्पीरियलिज्म का यही तकाजा होता है कि दूसरे देश कमजोर रहें ताकि उनका बिज़नेस चलता रहे। यह

सिर्फ सोशलिस्ट आइडियोलॉजी है, जो सारी दुनिया को आगे बढ़ाना चाहती है। इसलिए उस वक्त नॉन-एलाइनमेंट की फॉरेन पॉलिसी ने हिन्दुस्तान को बहुत फायदा पहुंचाया।

दूसरी बात क्या है कि उसी जमाने में वियतनाम की जंग भी हुई। दुनिया के इतिहास में एक ही ऐसी जंग है, जहां से अमरीका दुम दबाकर और शिक़स्त खाकर भागा। वह जंग तीस साल तक चलती रही। सोवियत यूनियन और चीन की मदद से वियतनाम की आवाम इस जंग में कामयाब हुई। अब सोवियत यूनियन नहीं है, इसलिए दुनिया भर के मेहनतकशों को बहुत सदमा पहुंचा है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं हुआ कि जिस आधार पर सोवियत यूनियन बना था, वह आधार गलत था। ऐसी बात नहीं थी। वक्त का पहिया हमेशा आगे की तरफ चलता है, वह कभी पीछे की तरफ हटना जानता ही नहीं है। इसलिए सोवियत यूनियन और रूस के लोग दोबारा अपने आप को तैयार कर रहे हैं, क्योंकि सोवियत यूनियन के जमाने में उनको जो सहूलियतें थीं, वे एक-एक करके छीनी जा रही हैं और अमरीका की हिम्मत बढ़ गई है।

अमरीका ने ईराक और अफगानिस्तान के साथ जो किया, दुनिया के इतिहास में इसकी मिसाल नहीं मिलेगी। सद्दाम हुसैन वहां पर मास-डेस्ट्रक्शन के न्यूक्लियर वैपन बना रहे हैं, उनके ऊपर यह झूठा इल्जाम लगाकर हमला कर दिया गया। लाखों लोगों का क़त्लेआम हुआ और बाद में पता चला कि नहीं, वह इल्जाम बेबुनियाद था। बुश साहब ने खुद ही इस बात को माना कि यह गलत था, लेकिन इस बीच जो कई लाख लोग कत्ल हो गए, उनका क्या होगा? उनके लिए कौन जवाबदेह होगा? क्या बुश के ऊपर मुक़दमा चलेगा? सद्दाम हुसैन को तो फांसी पर चढ़ा दिया, लेकिन इतने बड़े क़त्लेआम की जिम्मेदारी कौन लेगा, इसका अभी कोई जवाब नहीं मिलता है। अगर कोई यह समझे कि अब सोवियत यूनियन नहीं है, एक ही सुपर पावर रह गई है और इसलिए हमारी खारिजी पॉलिसी, फॉरेन पॉलिसी उसी के मुताबिक बननी चाहिए, तो वह धोखा खाएगा। जब यहां 2004 में यूपीए की गवर्नमेंट बनी थी, उसी वक्त क्या तक़ाज़ा था, "It is relevant to recall that, in 2004, when the United Progressive Alliance Government was formed, its National Common Minimum Programme contained in its foreign policy section the following, and I quote, "The UPA government will pursue an independent foreign policy keeping in mind its past traditions. This policy will seek to promote multi-polarity in world relations and oppose all attempts at unilateralism". It is also significant that on relations with the United States, the National Common Minimum Programme stated, "Even as it pursues closer engagement and relations with the USA, the UPA Government will maintain the independence of India's foreign policy position on all regional and global issues".

तो फिर Indo U.S. Nuclear Deal करने की क्या जरूरत पड़ गयी? क्या हम ने यह सोचा कि अब तो सोवियत यूनियन नहीं है, अब तो सिर्फ अमेरिका है और बगैर अमेरिका के गुजारा नहीं होगा।

सर, असल में यह कोई मामूली एग्रीमेंट नहीं है। यह एक strategic alliance है, strategic partnership है। इस में दो बातें बहुत ही खतरनाक लिखी गयी हैं। एक बात तो यह है कि इस एग्रीमेंट के बाद भारत की विदेश नीति अमेरिका की विदेश नीति के मुताबिक होगी और यह अमेरिकी विदेश नीति के मुताबिक है या नहीं, इस बात का सर्टिफिकेट अमेरिकी राष्ट्रपति साल में एक मर्तबा अमेरिकी कांग्रेस में पेश करेंगे। बताइए, इस से ज्यादा शर्मनाक बात क्या हो सकती है? सर, फिर हमारी Independent Foreign Policy कहां गयी? उसे क्या हो गया? फिर इतने दिनों बाद अभी जब हिलैरी क्लिंटन साहिबा यहां आयी थीं और उन के साथ जो Joint Statement हुआ, उस में लिखा है कि जो कुछ अमेरिका देगा, उस का inspection, अमेरिकी experts करेंगे। सर, हमारे जितने defence installations हैं, उन के ऊपर भी उन का अख्तियार चलेगा।

3.00 P.M.

वे उन का inspection करेंगे। सर, इस Indo US Nuclear Deal में एक और खराब बात है कि जो रिएक्टर अमेरिका देगा, हिंदुस्तान को लेना पड़ेगा। सर, हिंदुस्तान में जो वैज्ञानिक हैं, scientists हैं, उन के ऊपर हमें फख्र करना चाहिए, लेकिन हम ने उन के हाथ-पांव बांध दिए हैं। अगर हिंदुस्तान रिएक्टर बनाने लगे तो उस से यहां बहुत जबर्दस्त डवलपमेंट हो सकता है, लेकिन नहीं बनाएंगे। उसकी वजह यह है कि अमेरिका में दसों वर्ष पुराने जो रिएक्टर बनकर रखे हुए हैं, दुनिया में जिन का कोई खरीददार नहीं है, वे सब हिंदुस्तान के सिर पर थोप दिए जाएंगे।

सर, अमेरिका देखने में बहुत ताकतवर लग रहा है, लेकिन वह अंदर से खोखला हो गया है। मैंने अखबार में पढ़ा है कि इस साल का जो बजट Obama Administration ने पेश किया है, उस में 1.75 ट्रिलियन डॉलर का खसारा है यानी defecit budget है, तो यह कमी ओबामा साहब कहां से पूरी करेंगे? Indo US Nuclear Deal से रिएक्टर सप्लाई कर के करेंगे? सर, अगर वह किसी मौके पर रिएक्टर सप्लाई को रोक ले तो हमारे सारे कारखाने ठप्प पड़े रहेंगे और बिजली की पैदावार का हमारा सपना, सपना रह जाएगा। वह कभी साकार नहीं होगा। सर, इसी को किसी दूसरे मुल्क का मोहताज होना कहते हैं और हम लोगों ने जानबूझकर यह मोहताजगी की है। सर, हम तो हमारे मुल्क से गरीबी, बेकारी, भुखमरी और रोटी, कपड़ा, मकान के सवाल को हल करने के लिए एक चीज मानते हैं, "मिले सूखी रोटी जो आज़ाद रहकर, तो है वह गुलामी के हलवे से बेहतर" इसलिए फिर एक साल बाद यह बात एक मर्तबे सामने आ गयी है कि वाम-पंथियों ने पिछली सरकार से समर्थन वापस क्यों लिया? क्यों हम ने मना किया था कि उस तरफ मत जाइए? सर, चार साल तक वामपंथियों ने जो समर्थन सरकार को दिया था, हमारी उस में कोई गर्ज नहीं थी। हम तो चाहते थे कि यह देश हित में हो। आप सिर उठाकर जीने का तरीका सीखिए और किसी के सामने सिर झुकाइए मत। सर, हिंदुस्तान को प्रकृति ने जो कुछ दिया है, उस में हमें रोटी, कपड़ा व मकान की कभी तकलीफ नहीं होगी, शर्त यह है कि बंटवारे में इंसाफ होना चाहिए। सर, election के पहले बड़ा शोर मचा था कि स्विटजरलैंड की बैंक में जितना रुपया है, वह सारा हम यहां ले आएंगे। अगर आप वह लाएं तो उसी से सारा मसला हल हो जाएगा, और कुछ करने की जरूरत नहीं होगी, लेकिन आप को कुछ बड़े-बड़े चोरों को पकड़ना होगा। अगर आप के अंदर यह हिम्मत है तो आगे आइए और अगर हिम्मत नहीं है तो बड़ी-बड़ी बातें बनाने से फायदा नहीं है।

सर, इस के अलावा हिंदुस्तान की विदेश नीति में बहुत सारी बातें आ गयी हैं। सर, इतने वर्षों से अमेरिकी फौजें ईराक व अफगानिस्तान में बैठी हुई हैं। सर, अफगानिस्तान में तालिबान को रोकने के नाम पर अमेरिका ने एक खतरनाक हवाई जहाज ड्रोन भेजा है।

मैं अंग्रेजी कम जानता हूँ, मेरी समझ में तो नहीं आया कि यह 'Dron' क्या चीज है? बाद में जब डिक्शनरी खोली तो उसमें मिला कि 'Dron' का मायने यह होता है कि जो मधुमक्खी का छत्ता होता है, उस मधुमक्खी का जो male होता है, यानी मधुमक्खा, Dron माने मधुमक्खा। वह बड़ा जहरीला होता है। अफगानिस्तान के लोगों पर अमरीका उसी Dron से यानी मधुमक्खा से बार-बार हमले करा रहा है। किसी जगह अंजुमने अकवामे मुत्तहिदा में या और कहीं भी भारत सरकार की तरफ से कोई प्रतिवाद नहीं किया गया है। क्या कहीं कहा गया है कि अमरीकन फौजें अफगानिस्तान से या इराक से वापिस बुलायी जाएं? ओबामा साहब आये तो लोगों को बड़ी उम्मीदें लगीं कि शायद अब कुछ होने वाला है, क्योंकि ओबामा व्बराक हुसैन ओबामाछ हैं, आधे मुसलमान, आधे ईसाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। जो बात याद रखने की है, वह यह है कि जिन फोर्सेज़ ने बुश को प्रेजिडेंट बनाया था, उन्हीं फोर्सेज़ ने ओबामा को भी प्रेजिडेंट बनाया है और वह है Finance Capital of America. वे उनके मफ़ाद के बाहर कभी जा नहीं सकते। इराक में तो तेल है, पेट्रोल है।

इसे हर कोई समझता है। ये सारी बातें अलग हैं। इस जंग के अंदर से, इस कत्ल और खून के अंदर से पेट्रोल की बू निकलती है, लेकिन अफगानिस्तान में क्या है? अब तक कुछ समझ में नहीं आया। अभी ओबामा ने अफगानिस्तान में अमरीकी फौज को डबल कर दिया है, वहाँ और फौज भेजी गई हैं, लेकिन दुनिया का इतिहास बताता है कि जो भी अफगानिस्तान में गया, वहीं उसकी कब्र बन गई और इसमें कोई शक नहीं है कि एक दिन अमरीका की कब्र भी उसी अफगानिस्तान में बन जाएगी, क्योंकि उनका उससे कुछ लेना-देना नहीं है।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) पीठासीन हुए]

इसमें कुछ अच्छी बातें जो जरू र हैं कि हिन्दुस्तान की ख़ारजी पॉलिसी में अभी जो शंघाई कॉर्पोरेशन और BRIC — BRIC मायने ब्राजील, रशिया, इंडिया और चाइना — तो यह दो काम आपने अच्छा किया है। मैं उसका समर्थन करता हूँ। यह BRIC जो है, वह आधी दुनिया है। दक्षिण अमरीका में, जिसको लैटिन अमरीका कहा जाता है, वहाँ परिवर्तन की हवा नहीं बल्कि एक आंधी चल रही है। अभी देखिए, कल वहाँ अल-सल्वाडोर में प्रेजिडेंट का चुनाव हो गया जो वामपंथी हैं। पहले जहाँ अकेले क्यूबा था, अभी क्यूबा के साथ वेनेजुएला, बोलिविया, कितने ही देश! लोग यह कहते हैं कि अब साल दो साल का मामला है, पूरा दक्षिण अमरीका, अमरीका के कब्जे से बाहर निकल जाएगा, आजाद हो जाएगा। अगर उसके साथ अगर इंडिया रहता है तो यह बड़ी खुशी की बात है। हम समझते हैं कि इंडिया उसमें एक्टिव रोल प्ले करे। ...**(समय की घंटी)**... अभी तक अंजुमने अकवामे मुत्तहिदा की सलामती काउंसिल में हिन्दुस्तान को कोई जगह नहीं मिली ...**(व्यवधान)**...

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): There is one more Speaker. Shri Sitaram Yechury. That's why I am saying. Please conclude.

श्री मोहम्मद अमीन: सर, दो मिनट।

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): One minute. ...*(Interruptions)*...

श्री मोहम्मद अमीन: यह हर कोई जानता है कि अमरीका इसमें रुकावट डाल रहा है।

उपसभाध्यक्षः आपकी पार्टी के एक और स्पीकर हैं ...**(व्यवधान)**... श्री सीता राम येचुरी जी हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री मोहम्मद अमीन: मैं आपसे आखिरी बात कहना चाहता हूँ। हमारे प्रधान मंत्री जी ने 12 दिनों के फ़र्क से दो स्टेटमेंट्स लोक सभा में दिये। एक स्टेटमेंट उन्होंने 17 जुलाई को पाकिस्तान के सिलसिले में दिया जिसमें उन्होंने कहा है कि it has been and remains our consistent position that the starting point of any meaningful dialogue with Pakistan is a fulfilment of their commitment in letter and spirit. 12 दिनों के बाद कल जो स्टेटमेंट उन्होंने दिया, देखिए, उसमें वह कहते हैं कि I have said time and again and I repeat it right now again that it is impossible for any government in India to work towards full normalization of relations with Pakistan unless the government of Pakistan fulfils it in letter and spirit. ...**(समय की घंटी)**... ये दो बयान दो किस्म के हो गये। 12 दिनों के अंदर किस ताकत ने दबाव डाला है कि प्रधान मंत्री ने अपना बयान बदल लिया। जब वह जवाब देंगे तो मेहरबानी करके इस प्वायंट का भी जवाब दें। अब मैं फिर अपना एक शेर सुना कर आपसे रुखसत लेना चाहता हूँ—

वतन की फिक्र कर नादां, मुसीबत आने वाली है,
तेरी बरबादियों के मशवरे हैं आसमानों में,
न समझोगे तो मिट जाओगे ऐ हिन्दोस्तां वालों,
तुम्हारी दास्तां तक भी न होगी दास्तानों में।

جناب محمد امین (پشچھمی بنگال) : ڈپٹی چیئرمین سر، میں اپنی بات اردو کے ایک شعر سے شروع کرنا چاہتا ہوں۔

جو میں سر بہ سجدہ ہوا کبھی، تو زمیں سے آنے لگی صدا
تیرا دل تو ہے صنعم آشنا، تجھے کیا ملے گا نماز

جو لوگ اردو سمجھہ پاتے ہیں، ان کے لئے میں نے اس کا ہندی ترجمہ بھی بنا کر رکھا ہے "جو میں مندروں میں کبھی گیا، تو یہ دیوتاؤں نے کہہ دیا، تیرے من میں تو ہے تیری پریمکا، تجھے اپاسناؤں میں ملے گا کیا"۔

امریکہ کا پریم دل میں ایسا بیٹھہ گیا ہے کہ اس تال کا سب سے بڑا موضوع فارن منسٹری کے بحث کے بارے میں، وہ ہے انڈو۔یو۔ایس۔ڈیل۔ ہمارے دوست ارون شوری جی نے جہاں ختم کیا ہے، میں وہیں سے شروع کرنا چاہتا ہوں ۔۔۔(مداخلت)۔۔۔

سر، جب ملک کا بٹوارہ ہوا تو میری عمر 19 برس تھی۔ چونکہ میں اخبار نویس ہوں، اس لئے مجھے ساری باتیں یاد ہیں۔ یہ صحیح ہے کہ اس وقت جواہر لال نہرو جی نے ہندوستان کی فارن پالیسی کو بنایا تھا اور انہوں نے نان۔الائنمینٹ کا راستہ اختیار کیا تھا اور 'Five Principles for Peaceful Coexist' کا راستہ اختیار کیا تھا۔ اس وقت دنیا کا جو نقشہ تھا، اس کے مطابق یہ بالکل صحیح پالیسی تھی اور اس سے ہندوستان کو فائدہ بھی پہنچا۔ یہ بات سب کو معلوم ہے کہ اس وقت سوویت یونین ایک مضبوط طاقت کے طور پر موجود تھا اور سوویت یونین نے ہندوستان کو بے مثال مدد کی۔ مجھے ایک مرتبہ بھلائی اسٹیل پلانٹ دیکھنے کا موقع ملا تھا اور میں اسے دیکھہ کر حیرت میں رہ گیا کہ جہاں لاکھوں ٹن اسٹیل پیدا ہوتا ہے، مزدوروں کا کام صرف بٹن دبانا ہے۔ سوویت یونین کے بغیر کسی شرط کے آدھنک ٹیکنالوجی بنا کر ہندوستان کی مدد کی تھی۔ ایسی کوئی بھی مدد کسی دیگر سامراجیہ وادی دیش کی طرف سے آئی ہو، یہ مجھے معلوم نہیں۔ وہ اگر کچھہ کریں گے تو اس کے ساتھہ اپنی شرط لگائیں

Transliteration in Urdu Script.

گے۔ ایمپیرئلزم کا یہی تقاضہ ہوتا ہے کہ دوسرے دیش کمزور رہیں تاکہ ان کا بزنس چلتا رہے۔ یہ صرف سوشلسٹ آئیڈیولوجی ہے، جو ساری دنیا کو آگے بڑھانا چاہتی ہے۔ اس لئے اس وقت نان-الائنمینٹ کی فارن پالیسی نے ہندوستان کو بہت فائدہ پہنچایا۔

دوسری بات کیا ہے کہ اسی زمانے میں ویتنام کی جنگ بھی ہوئی۔ دنیا کے اتہاس میں ایک ہی ایسی جنگ ہے، جہاں سے امریکہ دم دبا کر اور شکست کھا کر بھاگا۔ وہ جنگ تیس سال تک چلتی رہی۔ سوویت یونین اور چین کی مدد سے ویتنام کی عوام اس جنگ میں کامیاب ہوئی۔ اب سوویت یونین نہیں ہے، اس لئے دنیا بھر کے محنت کشوں کو بہت صدمہ پہنچا ہے۔ لیکن اس کا مطلب یہ نہیں ہوا کہ جس آدھار پر سوویت یونین بنا تھا، وہ آدھار غلط تھا۔ ایسی بات نہیں تھی۔ وقت کا پہیہ ہمیشہ آگے کی طرف چلتا ہے، وہ کبھی پیچھے کی طرف ہٹنا جانتا ہی نہیں ہے۔ اس لئے سوویت یونین اور روس کے لوگ دوبارہ اپنے آپ کو تیار کر رہے ہیں، کیوں سوویت یونین کے زمانے میں ان کو جو سہولیتں تھیں، وہ ایک ایک کرکے چھینا جا رہی ہیں اور امریکہ کی ہمّت بڑھ گئی ہے۔

امریکہ نے عراق اور افغانستان کے ساتھ جو کیا، دنیا کے اتہاس میں اس کی مثال نہیں ملے گی۔ صدام حسین وہاں پر ماس-ڈیسٹرکشن کے نیوکلیر ویپن بنا رہے ہیں، ان کے اوپر یہ جھوٹا الزام لگا کر حملہ کر دیا گیا۔ لاکھوں لوگوں کا قتل عام ہوا اور بعد میں پتہ چلا کہ نہیں، وہ الزام بے بنیاد تھا۔ بش صاحب نے خود ہی اس بات کو مانا کہ یہ غلط تھا، لیکن اس بیچ جو کئی لاکھ لوگ قتل ہو گئے، ان کا کیا ہوگا؟ ان کے لئے کون جوابدہ ہوگا؟ کیا بش کے اوپر مقدمہ چلے گا؟ صدام حسین کو تو پھانسی پر چڑھا دیا، لیکن اتنے بڑے قتل عام کی ذمہ داری کون لے گا، اس کا ابھی کوئی جواب نہیں ملتا ہے۔ اگر کوئی یہ سمجھے کہ اب سوویت یونین نہیں ہے، ایک ہی سپر پاور رہ گئی ہے اور اُس لئے ہماری خارجی پالیسی، فارن پالیسی اسی کے مطابق بننی چاہئے،

تو وہ دھوکہ کھائے گا۔ جب یہاں 2004 میں یو-پی-اے۔ کی گوورنمینٹ بنی تھی، اسی وقت کیا تقاضہ تھا۔۔۔

"It is relevant to recall that, in 2004, when the United Progressive Alliance Government was formed, its National Common Minimum Programme contained in its foreign policy section the following, and I quote, "The UPA government will pursue an independent foreign policy keeping in mind its past traditions. This policy will seek to promote multi-polarity in world relations and oppose all attempts at unilateralism". It is also significant that on relations with the United States, the National Common Minimum Programme stated, "Even as it pursues closer engagement and relations with the USA, the UPA Government will maintain the independence of India's foreign policy position on all regional and global issues".

تو پھر انڈو-یو-ایس- نیوکلئیر ڈیل کرنے کی کیا ضرورت پڑ گئی؟ کیا ہم نے یہ سوچا کہ اب تو سوویت یونین نہیں ہے، اب تو صرف امریکہ ہے اور بغیر امریکہ کے گزارا نہیں ہوگا.

سر، اصل میں یہ کوئی معمولی ایگریمینٹ نہیں ہے. یہ ایک strategic alliance ہے، strategic partnership ہے۔ اس میں دو باتیں بہت ہی خطرناک لکھی گئی ہیں۔ ایک بات تو یہ ہے کہ اس ایگریمنٹ کے بعد بھارت کی ودیش نیتی امریکہ کی ودیش نیتی کے مطابق ہوگی اور یہ امریکہ ودیش نیتی کے مطابق ہے یا نہیں، اس بات کا سرٹیفکٹ امریکی راشٹرپتی سال میں ایک مرتبہ امریکی کانگریس میں پیش کریں گے۔ بتائیے، اس سے زیادہ شرمناک بات کیا ہو سکتی ہے؟ سر، پھر ہماری Independent Foreign Policy کہاں گئی؟ اسے کیا ہو گیا؟ پھر اتنے دنوں بعد ابھی جب ہلیری کلنٹن صاحبہ یہاں آئی تھیں اور ان کے ساتھ جو Joint Statement ہوا، اس میں لکھا ہے کہ جو کچھ امریکہ دے گا، اس کا انسپیکشن، امریکی ایکسپرٹ کریں گے۔ سر، ہمارے

Transliteration in Urdu Script.

جتنے ڈفینس انسٹالیشنس ہیں، ان کے اوپر بھی ان کا اختیار چلے گا۔ وہ ان کا انسپیکشن کریں گے۔ سر، اس انڈو-یو-ایس- نیوکلئیر ڈیل میں ایک اور خراب بات ہے کہ جو رئیکٹر امریکہ دے گا، ہندوستان کو لینا پڑے گا۔ سر، ہندوستان میں جو ویگیانک ہیں، سائنٹسٹ ہیں، ان کے اوپر ہمیں فخر کرنا چاہئے، لیکن ہم نے ان کے ہاتھ پاؤں باندھ دئے ہیں۔ اگر ہندوستان رئیکٹر بنانے لگے تو اس سے یہاں بہت زبردست ڈیولپمینٹ ہو سکتا ہے، لیکن نہیں بنائیں گے۔ اس کی وجہ یہ ہے کہ امریکہ میں دسیوں سال پرانے جو رئیکٹر بن کر رکھے ہوئے ہیں، دنیا میں جن کا کوئی خریدار نہیں ہے، وہ سب ہندوستان کے سر پر تھوپ دئے جائیں گے۔

سر، امریکہ دیکھنے میں بہت طاقتور لگ رہا ہے، لیکن وہ اندر سے کھوکھلا ہو گیا ہے۔ میں نے اخبار میں پڑھا ہے کہ اس سال کا جو بجٹ اوباما اڈمنسٹریشن نے پیش کیا ہے، اس میں 1.75 ٹریلئن ڈالر کا خسارہ ہے یعنی deficit budge ہے، تو یہ کمی اوباما صاحب کہاں پوری کریں گے؟ انڈو-یو-ایس- نیوکلئیر سے رئیکٹر سپلائی کر کے کریں گے؟ سر، اگر وہ کسی موقع پر رئیکٹر سپلائی کو روک لے تو ہمارے سارے کارخانے ٹھپ رہیں گے اور بجلی کی پیداوار کا ہمارا سپنا، سپنا رہ جائے گا۔ وہ کبھی ساہکار نہیں ہوگا۔ سر، اسی کو کسی دوسرے ملک کا محتاج ہونا کہتے ہیں اور ہم لوگوں نے جان بوجھ کر یہ محتاجگی لی ہے۔ سر، ہم تو ہمارے ملک سے غریبی، بیکاری، بھکمری اور روٹی، کپڑا اور مکان کے سوال کو حل کرنے کے لئے ایک چیز مانتے ہیں۔ "ملے سوکھی روٹی جو آزاد رہ کر، تو ہے وہ غلامی کے حلوے سے بہتر"۔
اس لئے پھر ایک سال بعد یہ بات ایک مرتبہ سامنے آگئی ہے کہ وام-پنتھیوں نے پچھلی سرکار سے سمرتھن واپس کیوں لیا؟ کیوں ہم نے منع کیا تھا کہ اس طرف مت جائیے؟ سر، چار سال تک وام-پنتھیوں نے جو سمرتھن سرکار کو دیا تھا، ہمارے اس میں کوئی غرض نہیں تھی۔ ہم تو چاہتے تھے کہ یہ دیش ہت میں ہو۔ آپ سر اٹھاکر جینے کا طریقہ سیکھنے اور کسی کے سامنے سر جھکائیے مت۔ سر، ہندوستان کو پرکرتی نے

جو کچھہ دیا ہے، اس میں ہمیں روٹی، کپڑا اور مکان کی کبھی تکلیف نہیں ہوگی، شرط یہ ہے کہ بٹوارے میں انصاف ہونا چاہئے۔ سر، الیکشن کے پہلے بڑا شور مچا تھا کہ سوئزرلینڈ کی بینک میں جتنا روپیہ ہے، وہ سارا ہم یہاں لے آئیں گے۔ اگر آپ وہ لائیں تو اسی سے سارا مسئلہ حل ہو جائے گا، اور کچھہ کرنے کی ضرورت نہیں ہوگی۔ لیکن آپ کو کچھہ بڑے بڑے چوروں کو پکڑنا ہوگا۔ اگر آپ کے اندر یہ ہمت ہے تو آگے آئیے اور اگر ہمّت نہیں ہے تو بڑی بڑی باتیں بنانے سے فائدہ نہیں ہے۔

سر، اس کے علاوہ ہندوستان کی ودیش نیتی میں بہت ساری باتیں آ گئی ہیں۔ سر، اتنے سالوں سے امریکی فوجیں عراق و افغانستان میں بیٹھی ہوئی ہیں۔ سر، افغانستان میں طالبان کو روکنے کے نام پر امریکہ نے ایک خطرناک ہوائی جہاز "ڈرون" بھیجا ہے۔ میں انگریزی کم جانتا ہوں، میری سمجھہ میں تو نہیں آیا کہ یہ "ڈرون" کیا چیز ہے؟ بعد میں جب ڈکشنری کھولی تو اس میں ملا کہ "ڈرون" کے معنی یہ ہوتا ہے کہ جو مدھومکھی کا چھتہ ہوتا ہے، اس مدھو مکھی کا جو male ہوتا ہے، یعنی مدھومکھا، ڈرون معنی "مدھو مکھا"۔ وہ بڑا زہریلا ہوتا ہے۔ افغانستان کے لوگوں پر امریکہ اسی ڈرون سے یعنی مدھومکھا سے بار بار حملہ کرا رہا ہے۔ کسی جگہ انجمن اقوام متحدہ میں یا اور کہیں بھی بھارت سرکار کی طرف سے کوئی پرتیواد نہیں کیا گیا ہے۔ کیا کہیں کہا گیا ہے کہ امریکن فوجیں افغانستان سے یا عراق سے واپس بلائی جائیں؟ اوباما صاحب آئے تو لوگوں کی بڑی امیدیں لگیں کہ شاید اب کچھہ ہونے والا ہے، کیوں کہ اوباما 'براک حسین اوباما' ہیں، آدھے مسلمان، آدھے عیسائی، لیکن کچھہ نہیں ہوا۔ جو بات یاد رکھنے کی ہے، وہ یہ ہے کہ جن فورسیز نے بش کو پریزیڈینٹ بنایا تھا، انہیں فورسیز نے اوباما کوبھی پریزیڈینٹ بنایا ہے اور وہ ہے Finance Capital of America۔ وہ ان کے مفاد کے باہر کبھی جا نہیں سکتے۔ عراق میں تو تیل ہے، پیٹرول ہے۔ اسے ہر کوئی سمجھتا ہے۔ یہ ساری باتیں الگ ہیں۔ اس جنگ کے اندر سے، اس قتل اور خون کے اندر سے پیٹرول کی بو نکلتی ہے، لیکن

افغانستان میں کیا ہے؟ اب تک کچھ سمجھ میں نہیں آیا۔ ابھی اوباما نے افغانستان میں امریکی فوج کو ڈبل کر دیا ہے، وہاں اور فوج بھیجی گئی ہیں، لیکن دنیا کا اتہاس بتاتا ہے کہ جو بھی افغانستان میں گیا، وہیں اس کی قبر بن گئی اور اس میں کوئی شک نہیں ہے کہ ایک دن امریکہ کی قبر بھی اسی افغانستان میں بن جائے گی، کیوں کہ اس سے کچھ لینا دینا نہیں ہے۔

(اپ سبھا ادھیکش (پروفیسر پی.جے.کورئن) پیٹھاسین ہوئے)

اس میں کچھ اچھی باتیں جو ضرور ہیں کہ ہندوستان کی خارجہ پالیسی میں ابھی جو شنگھائی اور BRIC -BRIC معنی برازیل، رشیا، انڈیا اور چائنا ۔ تو یہ دو کام آپ نے اچھا کیا ہے۔ میں اس کا سمرتھن کرتا ہوں۔ یہ BRIC جو ہے، وہ آدھی دنیا ہے۔ دکشن امریکہ میں، جس کو لیٹن امریکہ کہا جاتا ہے، وہاں پریورتن کی ہوا نہیں بلکہ ایک آندھی چل رہی ہے۔ ابھی دیکھنے کل وہاں ال-سلواڈور میں پریزیڈینٹ کا چناؤ ہو گیا جو وام-پنتھی ہیں۔ پہلے جہاں اکیلے کیوبا تھا، ابھی کیوبا کے ساتھ وینزنیلا، بولیویا، کتنے ہی دیش! لوگ یہ کہتے ہیں کہ اب سال دو سال کا معاملہ ہے، پورا دکشن امریکہ، امریکہ کے قبضے سے باہر نکل جائے گا، آزاد ہو جائے گا۔ اگر اس کے ساتھ اگر انڈیا رہتا ہے تو یہ بڑی خوشی کی بات ہے۔ ہم سمجھتے ہیں کہ انڈیا اس میں ایکٹیو رول پلے کرے ---(وقت کی گھنٹی)--- ابھی تک انجمن اقوام متحدہ کی سلامی کاؤنسل میں ہندوستان کو کوئی جگہ نہیں ملی ---(مداخلت)---

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): There is one more Speaker. Shri Sitaram Yechury. That's why I am saying. Please conclude.

جناب محمد امین : سر، دو منٹ۔

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): One minute. ...*(Interruptions)*...

جناب محمد امین : ہم ہر کوئی جانتا ہے کہ امریکہ اس میں رکاوٹ ڈال رہا ہے۔

Transliteration in Urdu Script.

اپ سبھا ادھیکش : آپ کی پارٹی کے ایک اور اسپیکر ہیں ---(مداخلت)--- شری سیتا رام یچوری جی ہیں ---(مداخلت)---

جناب محمد امین : سر، میں آپ سے آخری بات کہنا چاہتا ہوں۔ ہمارے پردھان منتری جی نے 12 دنوں کے فرق سے دو اسٹیٹمینٹ لوک سبھا میں دئے۔ ایک اسٹیٹمینٹ انہوں نے 17 جولائی کو پاکستان کے سلسلے میں دیا جس میں انہوں نے کہا ہے کہ [it has been and remains our consistent position that the starting point of any meaningful dialogue with Pakistan is a fulfillment of their commitment in letter and spirit. بارہ دنوں کے بعد کل جو اسٹیٹمینٹ انہوں نے دیا، دیکھئے، اس میں وہ کہتے ہیں کہ I have said time and again and I repeat it right now again that it is impossible for any government in India to work towards full normalization of relations with Pakistan unless the government of Pakistan fulfils it in letter and spirit.]---(وقت کی گھنٹی)--- یہ دو بیان دو قسم کے ہو گئے ہیں۔ 12 دنوں کے اندر کس طاقت نے دباؤ ڈالا ہے کہ پردھان منتری نے اپنا بیان بدل لیا۔ جب وہ جواب دیں گے تو مہربانی کرکے اس پوائنٹ کا بھی جواب دیں۔ اب میں پھر اپنا ایک شعر سنا کر آپ سے رخصت لینا چاہتا ہوں:-

وطن کی فکر کر ناداں، مصیبت آنے والی ہے
تیری بربادیوں کے مشورے ہیں آسمانوں میں،
نا سمجھوگے تو مٹ جاؤگے اے ہندوستان والوں،
تمہاری داستاں تک بھی نہ ہوگی داستانوں میں

श्री बृजभूषण तिवारी (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, विदेश मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा हो रही है और इसी के ज़रिए हम अपनी पूरी विदेश नीति के बारे में चर्चा करेंगे।

महोदय, चाणक्य ने कहा था कि किसी भी देश की विदेश नीति का जो मुख्य मकसद या मुख्य लक्ष्य होता है, वह सुरक्षा और देशहित होता है। इन दोनों के संदर्भ में ही हमें अपनी विदेश नीति का मूल्यांकन करना

Transliteration in Urdu Script.

चाहिए। परन्तु, अगर हम शुरु से अपनी विदेश नीति पर दृष्टि डालते हैं तो हमें यह लगता है कि हमारी विदेश नीति के दो मुख्य आधार रहे हैं — एक निजी महिमा मंडन और दूसरा दलगत स्वार्थ। निजी महिमा मंडन का मतलब यह है कि जैसे पंडित जवाहर लाल नेहरु दुनिया के बहुत बड़े नेता थे, हमारे जितने भी प्रधान मंत्री हुए, उनको बड़े जोर-शोर से प्रचारित किया गया, परन्तु जो हमारी बुनियादी समस्याएं थीं, उनको हम सुलझा नहीं पाए, वह हमारी कसौटी नहीं रही। जैसे पंडित जी के जमाने में ही कश्मीर का मामला था, नागालैंड का मामला था, क्योंकि उस समय ये दोनों मामले प्रधान मंत्री के मातहत होते थे, परन्तु वे दोनों मामलों में उलझ के रह गए और उनका कोई नतीजा नहीं निकला और आप देखते हैं कि आज भी कश्मीर का मामला हमारे सिर पर सवार है और पाकिस्तान के रिश्ते के बारे में हम आज भी चर्चा कर रहे हैं। उसी प्रकार से जो दलगत स्वार्थ हैं, उनके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि अभी आप देखिए पिछली बार हम लोगों ने देशहित में परमाणु क़रार पर कांग्रेस पार्टी की सरकार का समर्थन किया, जैसा कि कहा जाता है कि विदेश नीति राष्ट्रीय सहमति पर भी बनती है, हमने समर्थन किया और आपने दलगत स्वार्थ में उसका इस्तेमाल किया। हमारी विदेश नीति का जो आधार है, सही नहीं है। दूसरी बात यह है कि इधर दो-तीन सप्ताहों के अंदर जो घटनाएं घटी हैं, उनसे एक तरफ तो मेज पर हमारी कूटनीतिक विफलता हुई और उसी के साथ ही साथ जितने विरोधाभासी बयान आए, उनसे अंतर्राष्ट्रीय जगत में हमारी जग हंसाई हुई। अब मैं उसके नुक्तों पर नहीं जाना चाहता, जो साझा वक्त शर्म अल-शेख में दिया गया, कल प्रधान मंत्री जी ने भी उसका उत्तर दिया। कोई नहीं चाहता कि किसी भी देश के साथ, विशेषकर जो पड़ौसी देश हैं, उनसे हम युद्ध करें। हम युद्ध नहीं चाहते, वार्ता चाहते हैं, शांति चाहते हैं, परन्तु पाकिस्तान की बनावट के बारे में भी हमारा दिमाग साफ होना चाहिए कि जब भारत का बंटवारा हुआ और पाकिस्तान अलग हुआ तो पाकिस्तान के उस बंटवारे को हम सब लोग कृत्रिम बंटवारा, नकली बंटवारा मानते थे, वह स्वाभाविक बंटवारा नहीं था और पाकिस्तान में भी, जो हिस्से जोड़े गए, वे भी नकली थे और इसीलिए हमारे नेता, डा. लोहिया ने इस बात की भविष्यवाणी की थी कि पाकिस्तान की जो बनावट है, ज्यिोग्राफिकल जो उसकी बनावट है, उसके आधार पर वे एकजुट नहीं रह सकते, धर्म के नाम पर या भाषा के नाम पर किसी राष्ट्र को एक सूत्र में नहीं पिरोया जा सकता, इसलिए वे लोग अपनी अस्मिता के लिए संघर्ष करेंगे और पाकिस्तान की जो सरकार होगी, वह हमेशा इसके लिए भारत को दोषी मानेगी। आपने बंगला देश देखा, पख्तूनिस्तान हमेशा अपनी आजादी की लड़ाई लड़ता रहा। खान अब्दुल गफ्फार खां, जो विभाजन के विरोधी थे, उनकी बात नहीं मानी गई, वे बराबर लड़ाई लड़ते रहे। बलूचिस्तान के अब्दुल समद खां थे, वे भी अपनी स्वायत्तता की लड़ाई लड़ते रहे हैं।

इन प्रदेशों के जो लोग हैं, उनको वहां दूसरे नंबर का नागरिक माना जाता है। हमें अगर इस हकीकत का, इस सच्चाई का अहसास नहीं है, जानकारी नहीं है, तो पाकिस्तान के संबंध में हमारी क्या नीति होगी, यह स्पष्ट नहीं होगा। हम तो मानते थे कि अगर हम अपनी विदेश नीति को ज्यादा सृजनात्मक बनाएं, तो हम भारत, पाकिस्तान और बंगला देश को भी उसमें शामिल कर सकते हैं और एक ढीला-ढाला महासंघ बनाया जा सकता है, परन्तु उसमें खुलकर बात होनी चाहिए, दृष्टि साफ होनी चाहिए।

इसी के साथ ही साथ जो गलती हुई है, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी की सदाशयता की तारीफ करता हूं, वे बड़े उदार हैं, बड़े मीठे हैं, बड़े मधुर हैं, लेकिन कभी-कभी जो सरकार का अगुआ होता है, देश का नेता होता है, उसको बहुत भावुक नहीं होना चाहिए, उसमें बहुत सदाशयता नहीं होनी चाहिए, उसको देश के सम्मान का भान होना चाहिए, जो असलियत है, उसका ज्ञान होना चाहिए और जैसे इस बार गलती हुई है, उसी प्रकार 2006 में जब हवाना में प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह की तत्कालीन राष्ट्रपति, श्री मुशर्रफ से मुलाकात हुई थी, तो उन्होंने बातचीत के दरम्यान ऐसे ही कह दिया कि हमारी तरह पाकिस्तान भी आतंकवाद झेल रहा है। इसका अर्थ क्या हुआ? इसका अर्थ यह हुआ कि हमारा और पाकिस्तान का, दोनों का दुश्मन एक है, दोनों समान हो गए, यह गलती हुई।

इसी के साथ ही साथ हमने जो साझा बयान दिया, उसमें आतंकवाद और समग्र वार्ता, इन दोनों को अलग कर दिया। मैं यह मानता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने चाहे जितने तर्क दिए, माननीय अरुण शौरी जी ने उन तर्कों के बखूबी जवाब दिए, लेकिन कोई भी प्रधान मंत्री जी की सफाई को और उनके तर्कों को मानने के लिए तैयार नहीं है। जब स्वयं उनके विदेश सचिव कहते हैं कि "badly drafted" और उनके राज्य मंत्री बैठे हुए हैं, वे कहते हैं कि "it is not a legal document," ये जो दोनों बाते थीं, उनका कोई जवाब प्रधान मंत्री जी ने नहीं दिया।

उपसभाध्यक्ष महोदय, दूसरी बात यह है कि जो G-8 की मीटिंग हुई, उस मीटिंग में जितने भी न्यूक्लियर सप्लायर ग्रुप हैं, उन्होंने कहा कि चाहे CTBT हो, चाहे NPT हो, जब तक हम उस पर दस्तखत नहीं करेंगे, तब तक जो परमाणु संवर्धन और पुनर्संशोधन की सहूलियत है, वह हमें नहीं मिल सकती। तो जो G-8 के सम्मेलन का प्रस्ताव था, वह भी हमारे खिलाफ था। भारत-अमरीका परमाणु करार के 7 महीने बाद भी यह हालत है। अभी हिलेरी क्लिंटन भारत आई थीं, अमरीका के जो वाणिज्यिक हित थे, उनके बारे में उनसे बात हुई, और सारी बातें हुईं, परन्तु यह बात नहीं हुई कि परमाणु करार समझौते का अमली जामा कब से शुरू होगा, बिजली कब से बनने लगेगी? उन्होंने गुजरात में और महाराष्ट्र में ताप विद्युत भट्टियां लगाने की बात कही, जो करीब 50,000 करोड़ रुपए का सौदा था, परन्तु उन्होंने यह नहीं बताया कि वे यह काम कब से शुरू करेंगे, यहां बिजली का उत्पादन कब से शुरू होगा, क्योंकि उस समय प्रधान मंत्री जी ने देश को आश्वस्त किया था कि 3 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिलेगी, परन्तु जैसा कि आज सबुह भी एक सवाल के जवाब में कहा जा रहा था कि समय का कोई आश्वासन सरकार नहीं दे रही है कि इसमें कितने साल लगेंगे — 10 साल, 15 साल, 20 साल। इतने समय में हो सकता है कि यह 3 रुपए प्रति यूनिट की बिजली की कीमत 30 रुपए प्रति यूनिट हो जाए। जैसे अभी रूस में पनडुब्बी जहाज Gorshkov का दाम कितना बढ़ गया है। कम से कम देश को यह तो बताना चाहिए कि यह कब से operationalize होगा। इस बारे में कोई ठोस नतीजा नहीं निकल रहा है, यह बात सरकार को साफ करनी चाहिए।

महोदय, जलवायु परिवर्तन के बारे में भी अमरीका, भारत के मुकाबले 20 गुना ज्यादा गैस उत्सर्जित करता है और जो विकसित देश हैं, वे विकासशील देशों और पिछड़े देशों पर दबाव बनाना चाहते हैं कि हम उस पर मात्रात्मक रोक लगाएं, कैसे रोक लगा सकते हैं? पहले तो हमको अपने विकास के पथ पर जाने के लिए आगे बढ़ना पड़ेगा। स्वाभाविक है कि उसमें गैस का उत्सर्जन बढ़ेगा, लेकिन हमारे ऊपर लगाने से पहले, अमरीका और दूसरे विकसित देश, अपनी गैस के उत्सर्जन पर रोक लगाएं, तभी तो न्यायपरक बात होगी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इस बारे में भारत सरकार का जो स्टैंड है, वह ठीक है, विशेषकर जयराम रमेश जी से मैं चाहता हूं कि वे इस पर टिके रहें। मान्यवर, दूसरी बात यह है कि आतंकवाद के बारे में भी हमारा विभिन्न-विभिन्न प्रकार का नजरिया है। अभी हिलेरी क्लिंटन आई थी और उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पिछले साल, डेढ़ साल से आतंकवाद पर नियंत्रण पाने के लिए बडी मेहनत कर रहा है। अब जिन आतंकवादी गुटों से अमेरिका त्रस्त है, चाहे वह अलकायदा हो या कोई और हो, उसके लिए तो वह आंख दिखाता है और विश्व स्तर पर लड़ाई की बात करता है। हम जिन आतंकवादी गुटों से पीड़ित हैं, उसकी वह चर्चा नहीं करना चाहता है। वह हमें सलाह देता है कि आप वार्ता कीजिए, बातचीत कीजिए और उसी के दबाव में, उसी की सलाह में शायद यह जो संयुक्त बयान है, वह हमें जारी करना पड़ा। यह दोहरा मापदंड आप कैसे करेंगे? अगर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना है और ईमानदारी से लड़ना है, तो इसके लिए दुनिया के लोगों को मजबूती से कोई कदम उठाना चाहिए। इसमें चाहे विकासशील देश हों या ताकतवर देश हों या चाहे कमजोर देश हों, दोनों को मिलकर इस तरफ जाना चाहिए।

मान्यवर, हमारे जो पड़ोसी देश हैं, आज उनसे हमारे रिश्ते ठीक नहीं हैं। पचास के दशक में जब इन देशों में समाजवादी लोगों का राज था, तब हमारे रिश्ते बहुत ही बेहतर थे। आज नेपाल के साथ हमारे रिश्ते कैसे हैं? आज नेपाल में लोकतंत्र है, परंतु वहां माओवादी शक्ति या जो माओवादी गुट है, वह हमेशा भारत विरोधी प्रचार करता रहता है। आज उसकी ताकत बढ़ गई है। उसी प्रकार से बर्मा है। आज बर्मा में क्या स्थिति है? हम तो कहते हैं कि हमारी विदेश नीति का जो आधार है लोकतंत्र, आज बर्मा में उसी लोकतंत्र की हत्या हो रही है। वहां की जो नेता सुकी है, वह कितने वर्षों से जेल में बंद है और उसके ऊपर झूठा मुकदमा चलाया जा रहा है। एक तरफ मुकदमा चलाया जाए और दूसरी तरफ चुनाव की घोषणा कर दे और हमारे मंत्री या हमारे जो प्रतिनिधि वहां जाते हैं, वह एक लफ्ज़ भी, कोई बात नहीं करना चाहते हैं। इस प्रकार से आज बर्मा में चीन का असर बढ़ रहा है। मान्यवर, मैं कहना चाहता हूँ कि इन पड़ोसी देशों के साथ भी हमारे रिश्ते कैसे हों, इस पर हमें सोचना चाहिए।

मान्यवर, दूसरी तरफ चीन पिछले कई सालों से जो भी मुद्दे भारत को नुकसान पहुंचाने वाले हैं, उन्हीं मुद्दों पर वह ज्यादा बोलता है, चाहे वह सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का मामला हो, चाहे परमाणु समझौता हो, चाहे एशियन बैंक से कर्ज लेने की बात हो और चाहे अरुणाचल प्रदेश का मामला हो। इतिहास के जिस भ्रामक व्याख्या का सहारा तिब्बत और अरुणाचल के मामले में चीन करता है, कभी अशोक का भी राज शेनयांग तक था और चीन पर मंगोल लोग राज करते थे। बीसवीं सदी में इतिहास में बड़ा परिवर्तन हुआ, इसलिए तिब्बत की आज़ादी को चीन को स्वीकार करना चाहिए। हमारी विदेश नीति चीन की संवेदनशीलता को आघात पहुंचाने वाली नहीं रही है, इसलिए मैं यहां पर यह भी कहना चाहता हूँ कि सन् 1936 में पंडित जवाहर लाल नेहरू जब ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष थे, तो उन्होंने ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी का एक विदेश विभाग बनाया था और उस विदेश विभाग के सचिव डॉ. राम मनोहर लोहिया को नियुक्त किया था। उस समय Non-Alignment यानी "बिन लगाव नीति" की जो बुनियाद रखी गई, उसका आधार यह था कि दुनिया के जो साम्राज्यवादी देश हैं या जो सैनिक गुट हैं, उन गुटों से अलग रह कर, भारत एक तीसरी दुनिया की ताकत बनाएगा और इन तत्वों यानी साम्राज्यवाद और सैनिक तानाशाही या सैनिक गुटों के खिलाफ लड़ेगा ...**(समय की घंटी)**... ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी. जे. कुरियन): तिवारी जी, आप समाप्त कीजिए, आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री बृजभूषण तिवारी: मान्यवर, मैं बस दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूँ। मैं यह कहना चाहता हूँ कि आज विकसित देशों के छाटे और बड़े दो गुट हैं, वे तीसरी दुनिया के खिलाफ खड़े हैं। आज 118 देशों के छः अरब में से पांच अरब लोग भूख, गरीबी और कुपोषण के शिकार हैं। तीसरी दुनिया का जो भद्र वर्ग है, जिसकी जीवनशैली और दिमाग विकसित देशों के भद्र वर्ग के समान है। डॉ. लोहिया ने दुनिया में सात अन्यायों का जिक्र किया था, जिनके विरुद्ध अंतराष्ट्रीय सिविल नाफर्मानी की आवश्यकता है और उसका प्रथम अंग यह होगा कि हम इनके खिलाफ एक मोर्चा खड़ा करें और दूसरी तरफ जो भद्र वर्ग हैं, उनकी जीवनशैली और दिमाग को भी बदलने की कोशिश करें।

मान्यवर, इसी के साथ-साथ विदेश विभाग की तरफ से कई संस्थाएं चलाई जा रही हैं। उसमें एक Indian Council of World Affairs है, आज उसकी स्थिति बहुत ही दयनीय है। यह राजनैतिक लोगों की शरणस्थली बन गई है। जिस विदेश विभाग के अधिकारी को सजा देनी हो, Indian Council of World Affairs को उसके जिम्मे कर दिया जाता है।

उसी प्रकार से इंडियन कौंसिल ऑफ रिसर्च, इंडियन कौंसिल ऑफ कल्चरल रिलेशंस का है। उनकी क्या स्थिति है? भारत का, क्या विजन है दुनिया में हमारे गांधी के बारे में? हमारे जो नेता हैं, पुरखे हैं, उनके बारे में क्या हमारी कोई दृष्टि है, हम सांस्कृतिक रूप से अपने तमाम ऐसे देश, जो पड़ौसी देश हैं, उनसे बेहतर रिश्ते कर सकें, इसके लिए रीजनल डिप्लोमेसी पर बहस की आवश्यकता है। उसी के साथ ही साथ इन्स्टियूट

ऑफ डिफेंस स्टडीज एण्ड एनालिसिस में भी जो हमारे विकसित देश हैं, पड़ौसी देश हैं उनके साथ हमारी क्या रणनीति होगी? वह देखना चाहिए।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि जो हमारे सार्क देश के विद्यार्थी आते हैं, उनको उतनी ही फीस देनी पड़ती है जितनी अमेरिका के लोगों को। तो मेरा यह कहना है कि इनकी फीस आप कम करिए। उसी के साथ ही साथ जब श्री चन्द्रशेखर प्रधान मंत्री थे, उन्होंने कोइराला फाउण्डेशन बनाया था। मैं कहना चाहता हूं कि उसी प्रकार से मुजीबुर्रहमान, आंगसान के ऐसे तमाम फाउण्डेशन बनाना चाहिए, जिससे हमारे रिश्ते अच्छे हो सकें। अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि...(व्यवधान)....

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): बस हो गया।

श्री **बृजभूषण तिवारी**: मैं सरकार को यह बताना चाहता हूं कि इतिहास और संस्कृति से विदेश नीति को जोड़िए और उसी के साथ ही साथ इस विदेश नीति को, जैसा चाणक्य जी ने कहा, सुरक्षा और देश हित के आधार पर बनाइए, तभी देश का स्वाभिमान, देश की सुरक्षा और देश का हित साधन हो सकेगा। महोदय, मैं इन्ही शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you Tiwariji. Now, Dr. Malaisamy. You have seven minutes.

DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you not only for having given me a chance to speak but also for your prospective patient hearing without causing any hindrance. ...*(Interruptions)*... Sir, I am fully conscious that I should not take away the Chair's precious time unnecessarily, unless you are extra-considerate under special circumstances and on merit.

Sir, now, I come to the subject. On seeing the outlay and the outcome, we are happy to note that the allocations have been increased by about Rs. 1,300 crores this year over and above the last few years allocations to achieve the objectives of the Ministry of External Affairs, namely, to promote and to maintain the peaceful and stable external environment throughout the length and breadth of the world, besides enhancing the socio-economic development of the country. Besides, they have also to do some other things in terms of our international relations. Sir, to achieve this objective, one should have an organisation, structure, manpower and operation. Sir, the Ministry of External Affairs has got about 175 missions throughout the length and breadth of the world and it has got its own headquarter, centre and sub-centres, and by means of their bilateral, regional and international relations they are functioning throughout the world. So, this is how we are given to understand. When I look at the Plan and the Non-Plan allocations, I find that the Non-Plan allocations are much more than the Plan allocations. And, they have given a sizeable chunk of the allocations for major projects in the neighbouring countries like Afghanistan, Myanmar, Bhutan, etc.

Sir coming back to the point, ever since we attained Independence, we have been maintaining a unique policy in the foreign affairs in terms of non-alignment, without joining either this group or that group. I mean, we have been maintaining our own Non-alignment policy ever since from the date of Pandit Nehruji. We have been one of very few countries which speak against racial discrimination, undemocratic ways and against all other unethical things. In other

words, a forward-looking, a revolutionary approach was being adopted by India since very beginning. But, unfortunately, Sir, over a period of time, the policy followed by India earlier, like the policy of Non-Alignment and other foreign policies like that, started becoming weak and there was a decline and fall. They may try to give many other reasons for this. Sir, I am also inclined to agree that globalisation and many other issues, namely, financial crisis, climate, recession, terrorism, nuclear disarmament, etc., are responsible for macro-level and international level problems.

Sir, I would also like to mention about energy and food security. Coming to very core area, the major issue, which has a direct bearing on our foreign affairs relationship, is our relationship with Pakistan and Sri Lanka.

Ever since Pakistan was born from India, I am sorry to say, it is an eyesore in every way. Pakistan always happens to be troublemaker but India, unfortunately, could never become a trouble-shooter. When there is a troublemaker, there should be a trouble-shooter. Unfortunately, we could never become a trouble-shooter, and, with the result, what happened was, from that day when Pakistan was born till date, India could not maintain a good relationship with Pakistan. Sir, as a result of it, what happened was, in every way, whatever has been your strategy, whatever has been the relationship, whatever manageability and manoeuvrability you have, nothing was paid and the relationship remained as it ever was. I think, it is going from bad to worse. I would like to mention here two major incidents. In Jammu and Kashmir, we have not been able to control terrorism. The law and order situation has been bad there. There is also outbreak of violence. As a result of all this, terrorism in our country is growing every day. Due to terrorism, two major incidents that took place was Kabul incident and the Mumbai blasts on 26/11. These are the major incidents about which everyone is aware of and we are not able to forget them. This is the way the Pakistan is taking its relationship.

Sir, my speech will never be complete unless I touch upon Sri Lanka. Sri Lanka is an eyesore not only to Tamil Nadu but to the entire India. Sir, you are fully aware of it. You are from the adjoining State of Tamil Nadu. You are fully aware of the problems which are there in Sri Lanka. I have talked about this many times. I have expressed my views in several fora that the approach of the Government of India always happens to be slack, slow, sluggish in handling the Sri Lanka issue. Sri Lanka depends on India in so many ways. Sir, from the figures one can see that India is the largest supporter of trade in terms of turnover. One-sixth of their total turnover depends upon India. Secondly, Sir, we are given to understand that India is the fourth largest investor in Sri Lanka. There are several MoUs which show that Sir Lanka depends on India in various ways. But in spite of all the powers with us, in spite of the supremacy that India has, we are not able to handle the Sri Lankan problem. On the other hand, the big genocide took place and a large number of people killed. A large number of men and women of Srilankan Tamils were killed. Hospitals were bombarded; schools were bombarded. What I am trying to say is, in spite

of all that, the Government of India could not stand up and did nothing at all. On the other hand, now they are trying to mention several other things. I will come to that later on. So, these are the two major things which have arisen.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You have to conclude.

DR. K. MALAISAMY: Sir, due to paucity of time, I am leaving the Ceylon issue, the Sri Lankan issue here. I am coming to the fishermen problem. Mr. Vice-Chairman, you must be aware that on 26.10.2008, a special envoy from Rajapakse was asked to come to Delhi and an understanding was reached between India and Sri Lanka that if any fisherman happens to cross the International Maritime Boundary Line, then on how it should be handled and how the interests of the fisherman should be taken care of. But even today, what is happening? *...(Time-bell)...* Sir, I have not yet touched the core issue. I am only halfway through.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You have made the most important point already, about Sri Lanka. Your time is over.

DR. K. MALAISAMY: Sir, I thought I had ten minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, you had only seven minutes. You have already taken eight minutes. You may take one more minute.

DR. K. MALAISAMY: Sir, you have been kind to me.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Then you can take one-and-a-half minutes!

DR. K. MALAISAMY: Sir, the core point that I wish to make is about the failures of our foreign policy. The hon. Minister must take serious note of how we have failed in one after the other issue. Instead of maintaining our unique place, we have failed miserably. The first issue is about our failure with neighbours. Talking of Pakistan, we are not able to teach a lesson to Pakistan. We did not know how to proceed in our talks with them. In my opinion, after having come back to power with a big mandate, the Government can now afford to be a little stronger and assertive and even aggressive; a tough language can be used. They must know how to deal with Pakistan. It is 50 years and they are still learning. So, my first point is about how they have failed with Pakistan. I am told — the hon. Minister should correct me if I am wrong — during the time of Musharraf, it would have been done well, but unfortunately, in their quest to find a more opportune moment, they delayed it.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Don't go into details; you have already said it.

DR. K. MALAISAMY: I have already talked about Sri Lanka. Sir, in Nepal, the Maoist regime was not accepted. They failed in Myanmar because they did not know enough about the fundamental issues in Myanmar.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Leave some points for others too.

DR. K. MALAISAMY: Sir, the border issue is yet to be resolved with China.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Leave it for others.

DR. K. MALAISAMY: Sir, we have failed on all these issues. There is an impression that they are under pressure from USA. Is it good? We are a rising power. How can the Government give an impression that we are still under the control of some other country? Sir... ...*(Interruptions)*... there is lack of a proper anti-terror policy. They must give serious thought about how to defend the country, how to make measures more effective, adequate and manageable. The most important point, Sir, is that we have got regions, the South, North, East and West. They must develop and strengthen regions so that these regions could fight for us. That needs to be developed.

Lastly, Sir, the Indians living abroad are of the impression that they are not being taken care of adequately by the embassies in the foreign countries. They should be taken care of. Secondly, Malaysia, Singapore and Ceylon are places where lots of amilians reside. In such places, Tamil-speaking, Tamil-knowing Ambassadors could be posted. These are my two major requests.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): But you did not speak in Tamil! Shri N.K. Singh.

SHRI N.K. SINGH (Bihar): Mr. Vice-Chairman Sir, I would like to refer to an anecdote here. When I joined the Indian Foreign Service as a Commissioner before moving over to the Indian Administrative Service, I had jokingly enquired from many of my colleagues of what diplomacy would mean for me...*(Interruptions)*... and they said, it is not doing very much; it is about alcohol, protocol and Jerry Tol! I think, obviously, many things have moved ahead of that and I think that the new Minister of State for Foreign Affairs and the Foreign Affairs Minister would be finding themselves perilously perched always between a cliche and an indiscretion. Now, overlooking the fact that you would be embroiled in either of these cliches or indiscretion, in a more serious vein, Henry Kissinger, writing on Essays in History, describes diplomacy as a constant struggle to anticipate events and to remain ahead of the curve of history. The question that I want to ask myself is, whether the present Ministry of External Affairs, in the way in which they are organised, the way in which their institutions work, in which their research institutions work and the way they function, is poised to remain ahead of the curve of history and to be able to anticipate events?

The answer regrettably, Sir, is no. Therefore, in that spirit, I have a few suggestions to make. First and foremost, the Ministry of External Affairs is perhaps the only unique Ministry in all the Central Ministries which combines three or four different kinds of functions. First and foremost, it is the principal organ for the formulation of foreign policy; it is also the arm for implementing the policy; it also involves dynamics of implementing the policy and, at the same time, they are themselves managing the huge manpower resource of the Ministry of External

श्री राशिद अल्वी : बिल्कुल ठीक है, मैं अपने अल्फ़ाज को दूसरे तरीके से कह दूंगा। प्राइम मिनिस्टर ने कहा है कि कम्पोजिट डॉलोग के साथ टेरेरिज्म को लिंक नहीं किया जा सकता। प्राइम मिनिस्टर ने कहा कि हम पाकिस्तान को डीएस्टेब्लाइज नहीं करना चाहते। प्राइम मिनिस्टर ने कहा, 'unless we want to go to war with Pakistan, dialogue is the only way forward.' इसके अलावा कौन सा दूसरा रास्ता है? या तो हम तय कर लें कि हमें पाकिस्तान के साथ जंग करनी है या डायलॉग के अलावा और दूसरा रास्ता कौन सा हो सकता है? हम पाकिस्तान के पड़ोसी मुल्क है और खतरा बड़ा है। अगर टेरेरिस्ट लोगों के हाथों में पाकिस्तान चला गया तो क्या होगा? अगर उन लोगों के हाथों में, जिनसे पूरी दुनिया को खतरा है, उनके हाथों में पाकिस्तान चला गया तो उसके बाद हमारे पास क्या रेमेडी होगी? आज डायलॉग के अलावा दूसरी कोई रेमेडी नहीं हो सकती है। कम्पोजिट डायलॉग की बात राजीव गांधी जी ने शुरू की थी। उसके बाद लगातार गुजराल जी के जमाने में, वाजपेयी जी के जमाने में कम्पोजिट डायलॉग की बात होती रही है। मैं 20, 21 फरवरी को याद दिलाना चाहूंगा। 20, 21 फरवरी, 1999 को अटल जी देश के प्रधानमंत्री थे। मैं उनकी बड़ी इज्जत करता हूं, वे लाहौर गए थे। लाहौर के किले के अंदर अटल जी का बहुत वेलकम हुआ था और लाहौर में अटल जी ने जो तकलीफ़ महसूस की थी, उनके अल्फ़ाज़ में मुझे कहीं न कहीं मौलाना आजाद जी की शक्ल नजर आ रही है। अटल जी ने लाहौर के अंदर जाकर कहा कि मैं आज इस तारीखी किले के अंदर आया हूं, जिस किले के अंदर शाहजहां पैदा हुआ, जिस किले के अंदर अकबर ने अपना बचपन गुजारा। अटल जी ने कहा, सलमान मसूद, पर्शियन के बहुत बड़े शायर हैं, उसका एक शेर पढ़ा — शुद दर *लाहौर रवानम यारब, शूद दर लाहौर रवानम यारब, यारब के दर आरजुए अनम यारब।* ए खुदा, मेरे कदम लाहौर की तरफ रवाना हो रहे हैं। ए खुदा, यही मेरी आरजू है कि मैं लाहौर पहुंच जाऊं। आज वे लोग जो यह बात कह रहे हैं कि प्राइम मिनिस्टर ने जाकर कहा कि मुहम्मद का पैगाम लाया हूं, अरुण शौरी जी ने कहा, मैं उनको बताना चाहता हूं कि यह अटल जी थे, जिन्होंने यह शेर पढ़ा था। यह उनके स्टेट्समैनशिप की एक निशानी थी। इसे क्रिटिसाइज भी किया जा सकता है। आज देश के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के अंदर जाकर कोई नई बात नहीं की है। अटल जी ने कहा, वहां पर जाकर जो बयान दिया, उसमें कहा कि इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है कि हम बातचीत करें। अटल जी ने कहा कि मुझे नजर नहीं आता है कि ऐसा भी कोई इश्यू है, जो बातचीत के अलावा तय किया जा सके। यह सिर्फ बातचीत से ही तय किया जा सकता है। फिर मई 1999 के अंदर कारगिल हुआ। अटल जी ने...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): You have one more minute.

श्री राशिद अल्वी : मैडम, फिर मैं क्या बोलूंगा, मुझे पांच मिनट दीजिए, जितना शौरी जी बोले हैं, उसका वन थर्ड तो दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN) : No, it is not like that. The time allotted to your party is over. Please conclude in one minute.

श्री राशिद अल्वी : मुझे पांच मिनट दीजिए। मई, 1999 के अंदर कारगिल हुआ, 25 दिसम्बर, 1999 को कंधार गए, जहां मौलाना अहजरुद्दीन को रिलीज किया गया। अगस्त, 2000 में आगरा में समिट हुआ। मैं आपसे बहुत अदब से पूछना चाहता हूं कि क्या तब आपने ये शर्तें रखी थीं? अटल जी ने कहा था हम कश्मीर के अंदर पाकिस्तान से कोई बात नहीं करेंगे। मैं आपको वह बयान भी पढ़कर सुना सकता हूं, जिसमें अटल जी ने कहा था कि अब पाकिस्तान से बात होगी, तो इस कश्मीर की बात नहीं होगी, उस कश्मीर की बात होगी। उसके बाद मुशर्रफ साहब आए, वहां पर बात आई और बगैर किसी बात के मुशर्रफ साहब चले गए। मुशर्रफ साहब ने अभी 25 तारीख को यह इंटरव्यू दिया, जिस इंटरव्यू में उन्होंने कहा, जो 26 तारीख को सी.एन.बी.सी. के अंदर भी दिखाया गया, उन्होंने कहा कि क्या आपको कारगिल से कोई फायदा हुआ? क्या आप समझते हैं कि कारगिल पाकिस्तान के हक में था? जनरल मुशर्रफ ने कहा कि हां, हमारे हक में था। अगर हम कारगिल न करते तो आगरा के अंदर कश्मीर पर बात नहीं हो सकती थी। हिंदुस्तान के लीडर्स आगे बढ़े और उन्होंने कहा कि हम कश्मीर पर बात करेंगे, यह अभी तीन दिन पहले का जनरल मुशर्रफ का बयान है।

सवाल रह जाता है बलूचिस्तान का। मैं बहुत अदब से कहना चाहता हूँ ...**(समय की घंटी)**... मैं कोई controversy create नहीं करना चाहता, लेकिन शौरी जी, इसी हाउस के अन्दर आपने कहा था कि आँख के बदले में आँख चाहिए। आपने कहा था कि अगर कश्मीर के अन्दर पाकिस्तान कुछ करता है, तो हमें बलूचिस्तान के अन्दर करना चाहिए। यह जुमला हिन्दुस्तान में किसी ने नहीं बोला था। यह जुमला आपने इस हाउस के अन्दर बोला था। अगर आज पाकिस्तान इस तरह की बात कर रहा है, मैं माफी के साथ कहता हूँ कि हमें ज्यादा जिम्मेदारी के साथ बोलना चाहिए, ज्यादा जिम्मेदारी के साथ कहना चाहिए। कौन जानता है कि आपकी ज़बान से निकले हुए अलफाज़ पाकिस्तान तक पहुँच गए। जो declaration हुआ है, उसके अन्दर इंडियन गवर्नमेंट ने न 'हाँ' कही है, न 'ना' कही है। सिर्फ एक ही जुमला है। Prime Minister Gilani mentioned that Pakistan has some information on threats. यह उनका internal मामला भी हो सकता है। शायद आप मुझसे ज्यादा इतिहास जानते हो, पाकिस्तान बनने के बाद बलूचिस्तान में लगातार अमन और सलामती नहीं रही।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन): अल्वी साहब, आप समाप्त कीजिए।

श्री राशिद अल्वी: मैं खत्म कर रहा हूँ।

वहाँ पर सरदारों के अन्दर झगड़े होते हैं। वहाँ पर सन् 1970 में भुट्टो साहब ने उन्हें समझाने की कोशिश की, वहाँ पर उनको निबटाने की भी कोशिश की। पाकिस्तान बनने के बाद बलूचिस्तान ने अफगानिस्तान के साथ merge करने की भी कोशिश की। बलूचिस्तान ने ईरान के साथ merge करने की कोशिश की। कोई ऐसा नहीं है कि बलूचिस्तान में जो आज हो रहा है, वह पहले नहीं होता था। बलूचिस्तान हमेशा controversial रहा है और वहाँ पर इस तरह की बगावतें होती रही हैं। मेरे पास टाइम नहीं है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि प्राइम मिनिस्टर साहब ने पाकिस्तान के साथ जो joint declaration किया है, वह देश के हक में है और देश के हित में है।

मैं सिर्फ दो जुमलों में अमेरिका के End Use Monitoring Agreement के बारे में कहना चाहूँगा। 'End Use' का मतलब ही यह है कि आप जो हथियार खरीद रहे हैं, उसका इस्तेमाल आखिर में क्या करेंगे। अमेरिका का वह एग्रीमेंट 82 देशों के साथ है, सिर्फ हिन्दुस्तान के साथ नहीं है। अमेरिका का वह एग्रीमेंट यूरोप के उन तमाम देशों के साथ है। हम रूस से जो हथियार लेते रहे, उसका सर्टिफिकेट हम देते थे कि हम इसका

क्या इस्तेमाल कर रहे हैं। आज उस एग्रीमेंट के बाद हम पर कोई पाबन्दी नहीं है कि हम जाकर जबर्दस्ती वे weapons खरीदेंगे। यह हमारी मर्जी के ऊपर है कि हम उन weapons को खरीदते हैं या नहीं खरीदते हैं। लेकिन अगर आप नहीं खरीदना चाहते, तो black market से खरीदिए। तीसरा कोई रास्ता नहीं है। मैं उन मुल्कों का नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि वे दबाव बना सकते हैं कि हम अमेरिका के साथ कोई एग्रीमेंट न करें, ताकि black market से हमें वे हथियार खरीदने पड़ें। हमें ताकतवर बनना है। जो मुल्क ताकतवर नहीं होता, मैडम, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूँ, जो मुल्क ताकतवर नहीं होता है, उसकी दुनिया के अन्दर इज्जत नहीं होती है। इकबाल ने कहा है, "तक़दीर के क़ाज़ी का यह फ़तवा है अज़ल से, है ज़ुर्मे ज़इफी की सज़ा मर्गे मफादात" जो इंसान कमजोर होता है, मौत उसका मुकद्दर बन जाती है। जो मुल्क कमजोर होता है, मौत उसका मुकद्दर बन जाती है। मैं आपको इतिहास के पन्नों से कितनी मिसालें दे सकता हूँ। मौत हमारा मुकद्दर नहीं बन सकती। आज जो foreign policy है, वह हिन्दुस्तान को एक बड़ी ताकत बनाएगी। आने वाला मुस्तकबिल हिन्दुस्तान का है, ऐसा मैं समझता हूँ। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Shreegopal Vyas. Your party time is already over. So, please be brief. ...*(Interruption)*... Allotted time for BJP is over. So, please be brief.

SHRI SHREEGOPAL VYAS (Chhattisgarh): Then, I will give the time to the Leader of Opposition and let him speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): You can take a few minutes.

धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदया। पहले तो मैं विदेश मंत्रालय को संभाल रहे मंत्री एवं उनके सहायक दोनों को शुभकामना देता हूं। हमारे श्री शशि थरूर साहब तो विश्व के एक बहुत बड़े संगठन के लिए भारत की ओर से प्रयास कर रहे थे। आपका वह अनुभव यहां पर भी काम में आएगा और फिर एक बहुत ही अनुभवी वरिष्ठ साथी के साथ इस मंत्रालय का काम भारत के कल्याण के लिए होगा, यह शुभकामना मैं आपको देता हूं।

मैं अपने मित्र अश्विनी जी की ओर नहीं देख रहा हूं, जिन्होंने आज यह डिबेट शुरू किया है। पिछली बार राष्ट्रपति महोदया के साथ-साथ अश्विनी जी के साथ भी मेरा सहवास पॉलैंड और स्पेन दो देशों में हुआ था। उस समय उनसे काफी गपशप होती रही थी। मैं उनकी कुछ बातों को जरूर याद करता हूं और उनकी दो बातों पर सहमति के साथ मैं आगे की बात कहूंगा। पहला, उन्होंने कहा था कि हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को हमने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में व्यक्त किया है। दूसरा, उन्होंने यह कहा कि इन मूल्यों की रक्षा के लिए शक्ति की आवश्यकता है। मैं उनकी इन दोनों बातों से सहमति जताता हूं और याद करता हूं कि यह शक्ति निर्माण करने का काम एवं भारत को विश्व के राष्ट्रों में प्रथम पंक्ति में खड़ा करने का काम श्रीमान् अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जबहमने अणु शक्ति ऊर्जा का विस्फोट दुनिया के सामने किया।

अभी हमारे पिछले वक्ता ने कहा कि ये लोग शक्ति की भाषा समझते हैं। आप लाख अच्छी बातें कहें, लेकिन शक्ति के बिना हमारी बात कोई नहीं मानता। मैं इसके बाद आगे की बात कहूंगा, चूंकि यह बहुत महत्व के बिन्दु हैं, नीतियों के बिन्दु हैं और उनमें से अधिकतर हमारे अरुण शौरी जी एवं अन्य वक्ताओं ने कहे हैं, इसलिए उन पर मैं नहीं जाऊंगा। मैं यह समझता था कि आज का विषय मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के लिए है।

माननीया उपसभाध्यक्ष जी, जब आप उस तरफ विराजमान थीं, तब मैं सोच रहा था कि मैं मर्चेंट ऑफ वेनिस से शैक्सपीयर को कोट करूं, परन्तु अब नहीं कर सकता हूं, क्योंकि अब आप चेयर पर विराजमान हैं।

जो भी हो, मैं समझता हूं कि आप मेरा इशारा अवश्य समझेंगी। इसके पहले मैं आगे कुछ कहूं, चूंकि श्री तरलोचन सिंह जी भी यहां आ गए हैं, जिनकी हर बात के साथ मैं सहमत हूं। मैं चाहता हूं कि जो कुछ उन्होंने कहा है, उन सारी बातों को ध्यान में रखकर, जो आवश्यक बातें हैं, भारत सरकार उन पर जरूर कदम उठाएगी।

महोदया, मैं सीएजी की रिपोर्ट से चलना चाहता हूं। वार्षिक रिपोर्ट के पेज नम्बर 186 पर एक टिप्पणी है, जिसे मैं कोट करना चाहता हूं। इसको किसी प्रकार से अन्यथा न लिया जाए, उसको मैं केवल एक टेक्निकल प्वाइंट के रूप में रख रहा हूं।

> "The Ministry's approval for unwieldy large Haj goodwill delegations to the Kingdom of Saudi Arabia for long duration of 18-20 days, which is inconsistent with the role of the delegations, renders it extravagant. No criteria have been established for nomination of the members of the delegations. The Ministry arranges hotel accommodation for the accompanying spouse or family members of the delegates at Government's cost which is irregular."

Kindly keep this in mind and do the needful. मैं 2007-08 की स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट को बहुत ढूंढ़ रहा था कि वह कहां है, लेकिन वह नहीं मिली। शायद अभी वह उपलब्ध नहीं है, परन्तु मैं उसके कुछ बिन्दुओं की ओर आपका ध्यान जरूर आकर्षित करूंगा। उसमें कहा गया है कि पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीज़न बनाया जाएगा। भारत के थिंकटैंक्स और मीडिया पर्सन्स, सभी से बात-चीत की जाएगी और उसके आधार पर आप कुछ नीतियां बनाएंगे। यदि वह नीतियां बन गई हों और उसकी रिपोर्ट मिल गई हो, तो कृपया उसे सदन को देने की कृपा कीजिएगा।

आपने कुछ नये पासपोर्ट ऑफिसिज़ खोलने के लिए कहा था। मैंने 2006-07 की रिपोर्ट देखी थी, इसलिए उसी के आधार पर कह रहा हूं कि चूंकि रायपुर और शिमला में पासपोर्ट ऑफिसिज़ खुल गए हैं, यदि देहरादून में भी पासपोर्ट ऑफिस खुल गया हो, तो कृपया बता दीजिएगा और न खुला हो तो खोलने का प्रयास कीजिएगा।

Indian Cultural Centres के बारे में आपने प्रॉमिस किया था, हो सकता है मंत्रालय ने योजना बनाई थी और तब आप लोग शायद न भी रहे हों, चूंकि यह मंत्रालय पर चर्चा हो रही है, इसीलिए मैं यह कह रहा हूं। जहां Indian Cultural Centres खोलने थे, उनमें बीजिंग शामिल है, तेहरान शामिल है और वाशिंगटन शामिल है। मुझे इस बात का बहुत आश्चर्य है कि हम जिन देशों के साथ इतने बड़े-बड़े समझौते कर रहे हैं और उनसे लाभ भी उठा रहे हैं, अभी तक उनके यहां हमारा कोई कल्चरल मिशन नहीं था। And if it is a fact, this should be a matter of grave concern to you. आप कृपा करके इसका पता कीजिए और यदि अब भी नहीं खुला है, तो इसे तुरन्त खोला जाना चाहिए।

महोदय, मैं Cultural centres की बात कर रहा था। मैं वह रिपोर्ट पढ़ रहा था कि वहां कला के काफी जत्थों को भेजा गया है, यह बहुत अच्छी बात है, कला से किसी का विरोध नहीं है, जब तक कि वह किसी समाज के मूल्यों पर आघात नहीं करती है, परंतु भारत केवल कला के लिए मशहूर नहीं है। वास्तव में भारत उस के आध्यात्म के कारण जाना जाता है, लेकिन मैंने उन पृष्ठों में यह कहीं नहीं पढ़ा। आप ने भारत के जीवन दर्शन, हिंदू व्यापक जीवन दर्शन, सारा विश्व जिस के लिए भारत का कृतज्ञ है, उस के लिए आप ने उन समूहों के लोगों को भेजा हो, ऐसा मुझे वह रिपोर्ट पढ़ने से नहीं लगा। महोदया, मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि भारत सारी दुनिया में अपने आध्यात्मिक मूल्यों के कारण जाना जाता है, वह उस के सृष्टि के आदिकाल से लिए गए सिद्धांतों के कारण जाना जाता है, वह भगवान बुद्ध के शांति के संदेश के कारण जाना जाता है। इसलिए आप ऐसे Missions की कार्यवाहियों को देखिए। आप कला के लोगों को भेजिए, इस में किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन उन समूहों को भेजने पर भी विचार कीजिए।

महोदया, तत्काल पासपोर्ट की व्यवस्था के बारे में कुछ झंझट चल रही है, आप उस में सुधार लाइए। महोदया, मैं एक-एक बात, एक-एक देश के बारे में कहना चाहूंगा। हमारे प्रधान मंत्री जी फ्रांस गए थे, शायद आप लोग भी वहां जाएंगे। मैं आप को याद दिलाना चाहता हूं कि 100 साल पहले स्वातंत्र्य वीर सावरकर ने वहां के मर्सिली बंदरगाह पर एक जहाज से निकल कर अपने पराक्रम का परिचय दिया था। महोदया, मैंने मांग की है कि वहां उन की स्मृति बननी चाहिए। उस के लिए वहां के मेयर ने अनुमति दी है, परंतु मुझे खेद है कि आप का मंत्रालय उस में आनाकानी कर रहा है। मैं आशा करता हूं कि आप दोनों महानुभाव उस प्रस्ताव को शीघ्रातिशीघ्र clear कर देंगे। महोदय, वे तैयार हैं और यहां भारत की संस्थाएं तैयार हैं, अगर आप इसे मंजूर कर देते हैं तो आप एक बहुत बड़ा काम करेंगे। कृपा कर के इस ओर ध्यान दीजिएगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please finish now. You have taken seven minutes.

श्री श्रीगोपाल व्यास: महोदया, मैं एक बात और कहकर अपना भाषण समाप्त कर दूंगा। महोदया, मैं नेपाल के बारे में संक्षित में बोलना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): That will be the last.

श्री श्रीगोपाल व्यास: नेपाल में लोकतंत्र की वापसी हुई है, हम इस का स्वागत करते हैं। वह नेपाल का राजतंत्र जैसे भी चलाएं, हम उस का भी स्वागत करते हैं, लेकिन मैं एक बात जरूर सोचता हूं कि हमारी सीमा नेपाल के साथ ही क्यों खुली है और किसी देश के साथ क्यों नहीं खुली है, तो मुझे सोचने पर बाध्य होना पड़ता है कि वहां जीवन दर्शन, हिंदू जीवन दर्शन होने के कारण, भारत और नेपाल की सीमाएं खुली होंगी। वह पशुपति नाथ से लेकर रामेश्वरम तक एक संस्कृति व्याप्त है, इस कारण खुली होंगी। महोदया, हिंदुत्व के हट जाने से दुख हो जाना चाहिए था क्योंकि हिंदुत्व एक विराट जीवन दर्शन है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Now you conclude.

श्री श्रीगोपाल व्यास : सारी दुनिया उसे मानती है। कृपया इस पर सांप्रदायिक दृष्टि से मत सोचिए। यदि आप ऐसा करेंगे तो मै सोचता हूं और जो विचार खड़े होते हैं, उन्हें एक वाक्य में कहना चाहूंगा, "जो स्वयं अपने खाने के लिए दूसरों को लूटता है," वह विकृति है, जो स्वयं कमा कर खाता है, वह उसकी प्रकृति है और जो स्वयं कमा कर सब को खिलाता है, वह उस की संस्कृति है। भारत उस संस्कृति का वाहक है। इसलिए आप ऐसा कुछ काम कीजिए कि भारत इस दिशा में चल सके।

धन्यवाद। महोदय, कुछ ज्यादा समय लिया, इस के लिए कृपया क्षमा करें।

SHRI NARESH GUJRAL (Punjab): Madam, the basic contours of India's Foreign Policy, as outlined by Shri Jawaharlal Nehru, have been broadly adhered to by all political parties since our independence. As a result, despite many changes in the Government at the Centre, the Foreign Policy of the country is, by and large, remained consistent. India has been able to earn the respect of the world community by refusing to be part of any camp and withstanding all international pressures where its national interest is involved.

Our stand on CTBT and NPT has been firm and consistent, and I hope that no Government will ever buckle in or make any compromises on such sensitive issues in the future.

Geographically, with Myanmar, Bangladesh, Nepal, Pakistan and Afghanistan, on the one side, and Sri Lanka, on the other, we are surrounded by small politically destabilised neighbours who have on occasions allowed their soil to be misused for terrorist activity against our country.

Despite numerous provocations, successive Governments have been able to create harmony and goodwill in the neighbourhood through effective use of forums like SAARC and ASEAN. However, in spite of our best efforts, relations with Pakistan have always been tense. We have been a victim of several terror attacks emanating from that country, including the attack on the Parliament and 26/11 in Mumbai. Yet, we have always shown extreme patience.

As the situation now stands and as the Prime Minister is reported to have said yesterday, we have two choices; either go to war with Pakistan, a country that possesses nuclear missiles and a confused and irresponsible leadership structure or start a composite dialogue process with them. Anyone in the right mind would rule out the possibility of the former. However, it is obvious that we can engage Pakistan in talks only if we are reassured by concrete Pakistan actions to contain the terrorist activity against India from its soil.

By showing restraint and behaving in a manner which portrays India as an extremely responsible nation that wishes to foster world peace, we gain the admiration, support and sympathy of the civilized world. That to my mind is not only good diplomacy but good politics as well. Madam, I am of the view that we must endeavour to find lasting peace with Pakistan. It will not be an easy task given the conflicting power centres in Pakistan, but we must not give up hope and continue the dialogue process, and I repeat, provided, there are tangible signs that Pakistan leadership is trying to contain terrorism against India from its territory.

We in Punjab have a vested interest in creating a harmonious relationship with Pakistan, as we have been on the receiving end of two wars with Pakistan and a decade of proxy war by way of intense terrorist activity in the State, resulting in the loss of 40,000 innocent lives and a completely derailed economy. Opening up of our borders with Pakistan will result in an economic boom for both sides of Punjab.

My colleague, Sardar Tarlochan Singh, has highlighted certain points regarding the plight of Punjabis abroad. I hope the hon. Minister will pay attention to it.

Madam, the world has undergone a sea change since the end of the Cold War and collapse of the Soviet Union. It is an accepted reality that today the US is the only superpower in the world. Obviously, it is in our interest to strengthen our ties with them, more so when India is also becoming strategically important for them from their geopolitical point of view in this subcontinent.

However, it is a delicate tightrope walk. The challenge before our foreign policy establishment is to leverage the US strengths to our advantage without compromising on basic issues which are of vital interest to our nation, as spelled out by my colleague, Shri Arun Shourie.

The US is our single largest trading partner and I am certain that fostering closer political relations with them will also lead to a much higher level of trade between our two countries. China's trade with the US, in 2008, was 409.2 billion dollars, while ours was only 44.4 billion dollars. There is obviously much untapped potential in this area.

In the new world order, trade and industry will determine relationships and alliances and access to markets and sources of energy supply will create new friends and foes. India with over one billion people, 35-40 per cent of whom are middle class, has become the second largest emerging market after China. The developed world would endeavour to capture our markets by offering liberal subsidies to their farmers and companies. At the same time, they would like to protect their own domestic market by putting non-tariff barriers on imports from developing nations. The Government must take all diplomatic and economic steps to protect and enhance our markets. Madam, diplomacy today encompasses complex economic, political and social issues. To meet these new challenges, we will have to re-look at human resource skills as well as funds available to our Foreign Policy Establishment, as mentioned by my friend, Shri N.K. Singh. We need trained manpower to deal with intricate subjects such as global warming and environmental protection, GATT negotiations, human rights issues as well as multilateral and bilateral trade pacts. Accordingly, I would like to suggest that our IFS officers must be provided with specialised training both in the political and in the economic fields. Within five years of an officer joining the service, a detailed evaluation of the officer's aptitude must be carried out and a business orientation be given to those officers who are inclined towards economics. They must be sent for specialised courses to the best Business Schools in the world in order to develop their ability to comprehend and debate complex Global Economic Issues. Those, with a political bent of mind, must be given more exposure to think-tanks both within the country and abroad. We must liberally fund foreign policy think-tanks outside the Government and involve academicians, economists, scientists, journalists and leading business personalities in such think-tanks to interact constantly with our Foreign Policy Establishment.

In the end, I would like to say that as our economy grows, and, when globally, India's human and technological potential gain recognition, the world community, including the developed nations, look at us with envy and respect. The Government must leverage this strength and endeavour to find for India its rightful place as a Permanent Member of the Security Council.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Rajeev Shukla. You have thirteen minutes.

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदया, विदेश मंत्रालय की अनुदान मांगों पर हो रही बहस में मैं सरकार के समर्थन में खड़ा हुआ हूं।

महोदया, इसमें कोई शक नहीं कि भारत की विदेश नीति, जो पंडित जवाहर लाल नेहरु जी के जमाने में शुरु हुई, वह आज तक उसी तरह कायम है। बीच में जितनी सरकारें आईं, सबने कमोवेश उसी नीति का

समर्थन किया। बीच-बीच में सदस्यों ने ये बातें उठाईं कि यह सरकार नेहरु जी की नीति से हट गई, मैं इस बात को बिल्कुल नहीं मानता। चाहे वह गुट निरपेक्ष की नीति हो और चाहे भारत को विश्व के भूगोल में ऊपर रखने की बात हो, हर जगह भारत सुप्रीम रहा, उसके कहीं झुकने का प्रश्न नहीं है, यह बात इस सरकार ने साबित की है।

महोदया, बहुत ज़िक्र हो रहा है ज्वाइंट स्टेटमेंट का। इस बारे में बड़ी बातें कही जा रही हैं, राष्ट्रपति भवन तक प्रतिनिधिमंडल जा रहे हैं, तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं कि गिलानी से ड्राफ्ट कराकर ले आए और वही बांट दिया। क्या है उसमें? कौन सा पहाड़ टूट पड़ा है उसमें? ऐसा क्या हो गया, मेरी समझ में नहीं आता? मैंने एक बार, दो बार, तीन बार उसे पढ़ लिया, मुझे उसमें ऐसी कोई चीज नहीं लगी। फिर कहा गया कि फॉरेन सैक्रेट्री ने कहा है कि ड्राफ्ट में गलती हो गई। फॉरेन सैक्रेट्री ने यह नहीं कहा। संसद के लाइब्रेरी भवन में हुई मीटिंग में उन्होंने कहा कि "Even if we are accused of bad drafting, then, also, our intentions were right." यह नहीं कहा कि हमने कोई bad drafting की, लेकिन वह चल गया, लगातार। और बलूचिस्तान पर क्या कह दिया, भाई? अगर कोई मुल्क आ रहा है और कह रहा है कि भाई साहब हमारे अंदर की समस्या आप इंटरनेशनल फोरम पर डिस्कस करिए, तो आप कह रहे हैं कि उसको मेंशन कर दो। हम यह कह रहे हैं कि हम नहीं इंटरफियर कर रहे। हमने कब कहा कि हम बलूचिस्तान में इंटरफियर कर रहे हैं या बलूचिस्तान में कुछ कर रहे हैं? वह अपने घर की समस्या, अपने घर वालों का मसला या अपनी बीवी का मसला आपके पास लेकर आ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लेकर आ रहा है और हम परेशान हो रहे हैं कि आपने क्यों ज़िक्र कर दिया! इसमें क्या बात है? और उसी में कश्मीर का कहीं ज़िक्र नहीं है। यह ऐसे ही है जैसे कि इस देश में नक्सलपंथियों की समस्या है, उसका हम पाकिस्तान में जाकर ज़िक्र करें और कहें कि हमारे फलां राज्य में नक्लपंथियों का बड़ा जोर चल रहा है, क्या आप इसमें कुछ कर रहे हैं, हमारे खिलाफ नक्सलियों को बढ़ावा दे रहे हैं। तो इस तरह की बात है, वह तो इंटरनल मैटर डिस्कस कर रहा है और हम उसमें हाय तौबा अगर खुद ही मचाने लगें, तो इस तरह से तो हम लोग पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं, बजाय हिन्दुस्तान की मदद करने के।

इस बात को आप लोगों को समझना चाहिए। आप जितना यहां चिल्लाते हैं, अब तो सब टी.वी. पाकिस्तान पहुंचते हैं, उतना ही वहां का प्राईम मिनिस्टर फूलकर कुप्पा हो जाता है और अपनी वाहवाही करता है कि गिलानी साहब ने क्या कर दिया है। तो आप यह करके एक तरह से पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं। वैसे आपका इतिहास भी जो है, वह पाकिस्तान की मदद करने का है। जब 6 साल आपको सत्ता में मिले, आपने लगातार पाकिस्तान की मदद की, यह मैं आपको बता रहा हूं, इसका उदाहरण मैं पेश करता हूं। शौरी साहब यहां नहीं हैं, मैं उनकी जैसी एक्टिंग तो नहीं कर पाउंगा, पीछे हाथ करके, आगे हाथ करके उन्होंने जिस तरह से प्राईम मिनिस्टर का मजाक बनाया, लेकिन अगर मैं उनको बताने की कोशिश करूं कि जब उनकी सरकार थी, तो उन्होंने क्या-क्या किया, तो उन्हें अचंभित नहीं होना चाहिए। मैं खुद लाहौर गया था, उस दिन मैं लाहौर में था, जब वाजपेयी जी बस ले गए थे। उस दिन उनका एक तरह से अपमान हुआ था, जब पाकिस्तान का थल सेनाध्यक्ष या पाकिस्तान का आर्मी चीफ उनको वहां रिसीव करने नहीं आया था। इसके बाद लाहौर के उसी गवर्नर हाउस में जहां पंडित जवाहरलाल नेहरू, पार्टीशन के declaration के 6 दिन बाद गए थे और जब वे साइन करके, लाहौर को हैंडओवर करके चलने लगे, तो उनके साथ जो लेफ्टिनेंट जनरल था, उसने उनसे पूछा कि "सर, आपने लाहौर, पाकिस्तान को दे दिया? "Lahore is the epicentre of Punjabi culture". इस पर उन्होंने कहा कि "When bigger decisions are taken, it hardly makes any difference whether one city stays here or goes there", क्योंकि पंडित जी को कश्मीर बचाना था और कश्मीर बचाने के लिए उन्होंने वे बड़े डिसीजन लिए थे। उसी दिन उस भावना की हत्या हो गई, जब नवाज

शरीफ के साथ पहला ज्वाइंट स्टेटमेंट लाहौर के गवर्नर हाउस में साइन हुआ और उस दिन NDA regime के प्राईम मिनिस्टर ने वहां पर सरेंडर किया और ज्वाइंट स्टेटमेंट में कश्मीर का जिक्र आया कि हम कश्मीर पर बातचीत करने के लिए तैयार हैं। तो पहली गलती वहां से शुरू हुई, आज तो आप बलूचिस्तान का रोना बेवजह रो रहे हैं। उसके बाद लगातार दूसरे दिन मीनार-ए-पाकिस्तान गए और मीनार-ए-पाकिस्तान के नीचे के रजिस्टर में क्या लिखकर आए हैं, जरा आप सब लोग पढ़वा लीजिए और वहां से इसकी तसदीक करवा लीजिए कि उन्होंने किस तरह से वहां पाकिस्तान का गुणगान किया है।

[**उपसभापति पीठासीन हुए**]

फिर तो सिलसिला चालू हो गया। उन दिनों प्राईम मिनिस्टर और तब के डिप्टी प्राईम मिनिस्टर में एक कंपीटीशन चलता था, अगर प्राईम मिनिस्टर कुछ करें, तो डिप्टी प्राईम मिनिस्टर एक कदम आगे रहते थे। उसके बाद आडवाणी जी, जिन्ना की मजार पर जो लिखकर आए हैं, वह भी आप दिखवा लीजिए और वहां पर जो ब्रोशर मिलता है, उसमें इंडिया के बारे में और जिन्ना के मुताल्लिक क्या लिखा हुआ है और ये क्या सर्टिफिकेट देकर आए हैं, वह भी आप दिखवा लीजिए।

शौरी साहब कह रहे थे कि राजीव गांधी जी ने बेनजीर भुट्टो की 1988 में तारीफ की थी कि — "Both our young leaders and the chemistry matches". मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब बेनजीर भुट्टो यहां आई थीं, तो क्या हुआ था? वे किसके घर में बुलाई गईं, किसने उन्हें कराची की कढ़ी खिलाई, किसने उनके साथ बैठकर आंसू बहाए और जैसा कि जयन्ती नटराजन जी ने कहा ...**(व्यवधान)**... अरुण जी, उस समय आप नहीं थे, जयन्ती जी ने एक आर्टिकल को quote किया कि आडवाणी जी की और पाकिस्तानी हाई कमिश्नर की 50 मुलाकातें हुईं, जब वे सरकार में थे, आगरा declaration से पहले। मैं तो यह डिमांड करूंगा कि उसमें जो है * मीटिंग अगर वे * मीटिंग थीं, तो उनमें क्या हुआ? मुझे लगता है कि BJP को इस पर White Paper देना चाहिए और आडवाणी जी को राष्ट्र को स्पष्टीकरण देना चाहिए ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: आप * मीटिंग कह रहे हैं, यह official version है या अखबार की खबर है?

श्री राजीव शुक्ल: यह करण थापर ने लिखा है ...**(व्यवधान)**... वे मीटिंग कराने वाले थे, जो कहते हैं कि मैं लेकर जाता था पाकिस्तानी हाई कमिश्नर को ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : अखबार में लिखी हुई बात को ...**(व्यवधान)**... गृह मंत्री की * मीटिंग नहीं होती ...**(व्यवधान)**... Don't make such remarks ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: आप केवल मीटिंग बोलिए ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती जयन्ती नटराजन: रात में जो होता है * मीटिंग। किसी के घर में, किसी को न बताकर ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: आपको कैसे पता कि रात में हुई? आपको किसने बताया ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: करण थापर ने लिखा है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: होम मिनिस्टर किसी के घर जाए और किसी को मालूम नहीं, उसकी सुरक्षा को मालूम नहीं, अखबार वाले ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : अहलुवालिया जी, अखबार वाला नहीं था ...**(व्यवधान)**... जो शख्स मीटिंग करा रहा था ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will look into the expression * ...*(Interruptions)*...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: नहीं, नहीं, कैसे लगा देंगे * मीटिंग? क्या मतलब है? What do you mean by this?

---

*Not recorded.

6.00 P.M.

श्री उपसभापति: यह * रिकॉर्ड से हटा दीजिए ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: जो शख्स मीटिंग करा रहा था, उसने लिखा है ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सर, एक होम मिनिस्टर ...**(व्यवधान)**... Should I believe that the Home Minister, Shri P. Chidambaram, is having a * meeting today? Should I believe that? What is this? *...(Interruptions)...*

श्री राजीव शुक्ल: सर, जो शख्स मीटिंग करा रहा था, उसने लिखा है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप मीटिंग बोलिए, * क्यों बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: सर, जो mediator था, उसने लिखा है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बैठिए न।

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): महोदय, वह गलत बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**... ।

SHRI S.S. AHLUWALIA: Today, Mr. Chidambaram is not having his security. He can have * meetings. But, Advaniji was having Z security. *...(Interruptions)...* He cannot have a * meeting. There is a difference in it. *...(Interruptions)...*

श्री राजीव शुक्ल: जो mediator था, उसने लिखा है ...**(व्यवधान)**... अहलुवालिया जी, आप पढ़ा-लिखा कीजिए ...**(व्यवधान)**... आप पढ़ते-लिखते नहीं हैं ...**(व्यवधान)**... यह आपकी कमजोरी है ...**(व्यवधान)**...

SHRI S.S. AHLUWALIA: That is not the point *...(Interruptions)...* नहीं, नहीं, आप गलत बात बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: जो mediator है, उसने लिखा है ...**(व्यवधान)**... जो meeting करा रहा था, उसने लिखा है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: वह नाम निकाल दिया गया है, तो आप क्यों बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए न ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: बीजेपी को पूरे राष्ट्र को बताना चाहिए कि रात के अंधेरे में पाकिस्तान के राष्ट्रपति के साथ हमारे देश के गृह मंत्री क्या कर रहे थे? ...**(व्यवधान)**...

श्री एस. एस. अहलुवालिया: महोदय, यह उस समय एनडीए में थे ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बैठिए न ...**(व्यवधान)**... वह तो निकाल दिया गया है ...**(व्यवधान)**... * नहीं है meeting है ...**(व्यवधान)**... बैठिए, बैठिए ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: जब संसद पर हमला हो रहा था और संसद पर हमले के तत्काल बाद जो पाकिस्तान से सांठ-गांठ हो रही थी, उसका कच्चा चिट्ठा देश के सामने आना चाहिए ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय ...**(व्यवधान)**... आप ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: ठीक है, यह उनके विचार हैं ...**(व्यवधान)**... यह भी बोल रहे हैं और वह भी बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: आप इसको स्वीकार करो न ...**(व्यवधान)**...

श्री कलराज मिश्र: महोदय, यह उस समय उसके मेम्बर थे ...**(व्यवधान)**...

---

*Not recorded.

श्री राजीव शुक्ल: हम कहीं भी मेम्बर हों, उससे क्या फर्क पड़ता है ...**(व्यवधान)**... अहलुवालिया जी भी तो उधर मेंबर थे ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: यह पहले एनडीए में थे ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: अहलुवालिया जी भी तो उधर से मेंबर थे ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पाणि जी, आप बैठिए न ...**(व्यवधान)**... बस, बस, पाणि जी, आप बैठिए ...**(व्यवधान)**... Nothing will go on record. ***...(Interruptions)...*** Nothing will go on record.

श्री रुद्रनारायण पाणि: *

श्री एस. एस. अहलुवालिया: अगर मैं एक-एक बात कहूंगा, तो उसको मैं authenticate करुंगा ...**(व्यवधान)**... आप authenticate करोगे ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : हां, मैंने authenticate किया है ...**(व्यवधान)**... हां, मैंने authenticate किया है ...**(व्यवधान)**...

श्री **उपसभापति** : मि. अहलुवालिया जी ...**(व्यवधान)**... मि. राजीव शुक्ल जी, आप जो बात करना चाहते हैं, वह बात कीजिए ...**(व्यवधान)**... आप झगड़ा क्यों कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: I have authenticated it. ***...(Interruptions)...*** I am authenticating it. ***...(Interruptions)...***

SHRI S.S. AHLUWALIA: He is having all the information about * meetings. ***...(Interruptions)...***

श्री उपसभापति : आप बैठिए ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए ...**(व्यवधान)**... आप बोलिए ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : आइना दिखा दिया, तो इतने परेशान हो गए ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Yes. ***...(Interruptions)...*** Sir, * ***...(Interruptions)...***

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That he said it in the other House. We cannot quote it here. ***...(Interruptions)...***

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Sir, it appeared in the newspapers. ***...(Interruptions)...***

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; you cannot do it. He is a Member of that House. ***...(Interruptions)...***

श्री कलराज मिश्र : प्राइम मिनिस्टर के नाते वह सब करेंगे ही ...**(व्यवधान)**... वह तो करना पड़ता है, वह तो करेंगे ही ...**(व्यवधान)**... वह आप भी कर रहे हैं...(व्यवधान)... कल क्या होना चाहिए, क्या नहीं होना चाहिए, इस पर तो चर्चा होती ही हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : संसद पर आज हमला हो और कल आप पाकिस्तानी हाई कमिश्नर से मिल लीजिए ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : कलराज जी, आप बैठिए ...**(व्यवधान)**... आप तो सीनियर मेम्बर हैं ...**(व्यवधान)**... आप तो बैठिए न ...**(व्यवधान)**...

---

*Not recorded.

श्री राजीव शुक्ल: संसद पर आज हमला हो और कल आप पाकिस्तानी हाई कमिश्नर से मिल लीजिए ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: यह किताब आडवाणी जी ने स्वयं जाकर सोनिया जी को दी थी...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: पाणि जी, आप बैठ जाइए ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: हां, तो उससे क्या हो गया ...**(व्यवधान)**... क्या उससे उसके तथ्य गायब हो गए?...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: शुक्ल जी, अब ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: सर, उन्होंने मुझे disturb किया न। अभी तो मेरे दो ही मिनट हुए हैं।

श्री उपसभापति: आप बोलिए न ...**(व्यवधान)**... आप कब तक बैठेंगे ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: सर, अभी तो मेरे दो ही मिनट हुए हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: अभी तो छः मेम्बरों को participate करना है ...**(व्यवधान)**...

श्री कलराज मिश्र: जो डिबेट है, उसकी चर्चा करो ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: सर, इसके बाद 19-20 फरवरी, 1999 को दिल्ली-लाहौर बस सर्विस का inauguration हुआ। In May and July, 1999, India and Pakistan fought a limited eleven week battle in Kargil region of Kashmir. इधर आप झुक रहे थे और उधर वह आप पर हमला कर रहा था। इसकी पूरी chronological order में इस प्रकार से है: 12 अक्टूबर को मुशर्रफ साहब आ जाते हैं, 24 दिसंबर को इंडियन एयरलाइंस प्लेन की hijacking हो जाती है, मैं उसमें जाना नहीं चाहूंगा, वरना ये फिर खड़े हो जाएंगे कि hijacking के बाद क्या हुआ और टेरोरिस्ट को कैसे छोड़े गए, कैसे हमने घुटने टेके, कैसे हमने देश के सामने सरेण्डर किया ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: क्या आप बताएंगे कि शुक्ल जी को क्या बोलना है? ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: हमने बड़ी बहादुरी पाकिस्तान के साथ दिखाई ...**(व्यवधान)**... आपने क्या किया, यह पूरे देश को पता है...(व्यवधान)... मैं उस पर नहीं बोलूंगा, वरना ये परेशान हो जाएंगे...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: अभी उनके 13 मिनट हैं।

श्री राजीव शुक्ल: सर, इसके बाद 20 मार्च को छत्तीसिंहपुरा में 35 सिख मारे गए and on 19th November, Prime Minister, Shri Atal Behari Vajpayee, announced unilateral ceasefire in Jammu and Kashmir. जब सिख मारे जाते हैं। 20 दिसंबर को बढ़ा दिया, India extended unilateral ceasefire for another month. उसके बाद लाल किले पर अटेक हो जाता है।....(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: कलेंडर ऑफ इवेंट्स क्यों पढ़ रहे हैं।...(व्यवधान)...

श्री राजीव शुक्ल: अहलुवालिया जी, ऐसा है कि तुम करो तो पुण्य और हम करें तो पाप।...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : कलेंडर ऑफ इवेंट्स के साथ इन्होंने कहा है कि...(व्यवधान)...

श्री राजीव शुक्ल : क्या कलेंडर ऑफ इवेंट्स हम नहीं पढ़ सकते?...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : अगर वह खराब इतिहास था तो अटल जी ने खराब पहल की, उनसे बात नहीं करनी चाहिए थी। तो छोड़ो न, आप क्यों बात कर रहे हो।...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: यहां सवाल जवाब नहीं है, आप बैठिए।...(व्यवधान)... आपस में मेंबर्स में ऐसा नहीं होना चाहिए, उन्हें बोलने दीजिए। अगर वे सवाल करें तो आप क्यों बोलते हैं, यह ठीक नहीं

है।...(व्यवधान)... Please bring to my notice anything unparliamentary. We will remove it. But what the Member says, what he should not say, if it suits you it is all right, if it does not suit you and you object, is not correct. Whatever he wants to say, he has every right to say whatever he wants to. ***...(Interruptions)...*** Mr. Ahluwalia, whatever he wants to say he can say on the subject. ***...(Interruptions)...*** I am talking about the subject. ***...(Interruptions)...***

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, he is not speaking on the subject! ***...(Interruptions)...***

श्री राजीव शुक्ल: आप मुझे बताएंगे कि सब्जेक्ट क्या है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You should not decide that. ***...(Interruptions)...***

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, he is not speaking on the subject. That is important. We are discussing about the working of the Ministry of the present Government and not the working of the previous Government. ***...(Interruptions)...***

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is on the Ministry. ***...(Interruptions)...*** Within the rules if he is speaking, how can you stop? ***...(Interruptions)...***

श्री राजीव शुक्ल: सर, यह कौन तय करेगा कि हम सब्जेक्ट पर बोल रहे हैं या नहीं? यह आप तय करेंगे या अहलुवालिया जी तय करेंगे?...(व्यवधान)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: He is deputy leader. ***...(Interruptions)***

श्री राजीव शुक्ल: लीडर ऑफ अपोजिशन नहीं बोल रहे हैं, इन्हें ज्यादा परेशानी है।...(व्यवधान)... जब कोई भी बोले, उसके ऊपर खड़े होकर बोलने लगेंगे।...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am allowing the deputy leader and the leader; some times, when they intervene, we respect it. That does not mean that everybody gets up and speaks. Do not do it. ***...(Interruptions)...***

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, इनको खाली एक सुझाव दे दीजिए कि ये क्रिकेट के बहुत बड़े चेम्पियन रहे हैं, तो वह क्रिकेट करा दें।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: ठीक है, वह क्रिकेट का मामला है, अपने टाइम पर करेंगे।...(व्यवधान)... आप बोलिए।

श्री राजीव शुक्ल: मान्यवर, इस सरकार के नेतृत्व में पहली बार यह हुआ है कि मुम्बई इंसीडेंस के बाद हमने पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे में एकदम एक्सपोज कर दिया कि यह एक आतंकवादी देश है। आज तक कभी 60 साल में ऐसा नहीं हुआ था कि हम पाकिस्तान को इस तरह से दुनिया की निगाहों में एक आतंकवादी देश के रूप में दर्शाते।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप छोडिए न, यह कैसी बात है। उनको बोलने दीजिए।...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : **...(व्यवधान)...** यह क्या बोल रहे हैं?...(व्यवधान)...

श्री राजीव शुक्ल: अगर अहलुवालिया जी ऐसे ही करते रहे तो मैं बता रहा हूं कि मैं इनको नहीं बोलने दूंगा, जब वे खड़े होंगे। हमें इनके हुनर पता हैं कि वे क्या हैं, इनकी काट क्या है वह भी हमें पता है।....(व्यवधान)... इसलिए आप शांत बैठिए, आपका नम्बर बहुत बढ़ गया है।

श्री उपसभापति: डिस्टर्ब मत करो।...(व्यवधान)...

श्री राजीव शुक्ल: आज पाकिस्तान के चाहे स्टूडेंट्स हों, चाहे पाकिस्तान के लोग हों, चाहे बिजनेसमेन हों, उन सबको पूरे विश्व में दिक्कत आ रही है कि उनको वीजा नहीं मिलता। पाकिस्तानी कम्पनियों को

लोग अपने यहां आने नहीं देना चाहते हैं, क्योंकि जिस तरह से उनकी बदनामी पूरे विश्व में हुई है और जिस तरह से पहली बार उनको यह स्वीकार करना पड़ा कि मुम्बई में जिन लोगों ने हमला किया था, उनके खिलाफ चार्जशीट देनी पड़ी, उनके खिलाफ केस करना पड़ा और उनके खिलाफ उन्हें अदालत में जाना पड़ा। भले ही अदालत ने उन्हें जमानत पर छोड़ दिया हो, लेकिन पाकिस्तान को ये सारी चीजें स्वीकार करनी पड़ीं। यह अचीवमेंट पहली बार इस सरकार के नेतृत्व में हुई है। मान्यवर, इसके बाद जो सबसे इम्पोर्टेंट बात है, वह यह है कि भारत...।

श्री उपसभापति: राजीव शुक्ल जी, अब आप समाप्त करिए।

श्री राजीव शुक्ल: सर, उन्होंने मुझे बोलने नहीं दिया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: बोलने दिया या नहीं बोलने दिया, लेकिन समय समाप्त हो गया है। ...*(Interruptions)*...

श्री राजीव शुक्ल : सर, हमारा तो एक ही पाइंट हुआ है। ....**(व्यवधान)**... शौरी साहब ने प्राइम मिनिस्टर का मजाक बनाया कि प्राइम मिनिस्टर ने जाकर बुश से कहा कि "Mr. Bush, every Indian loves you." मैं भी कह सकता हूं। अहलुवालिया जी, मैं तो बोल नहीं रहा हूं। मैं भी करना शुरू करूं कि जब क्लिंटन राष्ट्रपति.. ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: किसको रिकार्ड से निकालूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सर, हाउस में कैरीकेचर नहीं किया जाता है। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती जयन्ती नटराजन: सर, अरुण शौरी जी ने किया, हमने कुछ नहीं किया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : प्लीज, आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : सर, हाउस में क्या होना चाहिए, इसके बारे में आप बताएंगे या वह बताएंगे। ...**(व्यवधान)**... सर, यह व्यवस्था का सवाल है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : देखिए, आप सवाल-जवाब को छोड़िए। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : सर, हाउस में क्या होगा, इसको क्या अहलुवालिया जी तय करेंगे? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : आप अच्छा बोल रहे हैं। आप अच्छे पाइंट्स बोल रहे हैं। आप सवाल-जवाब में उलझ जाएंगे, तो कुछ भी नहीं बोल सकेंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : सर, इस बात को आप तय करेंगे, या अहलुवालिया जी तय करेंगे, यह एक बार स्पष्ट हो जाए।...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, इनके बोलने का टाइम समाप्त हो गया है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have no other option but to adjourn the House. ...*(Interruptions)*...

श्री राजीव शुक्ल: सर, यह तय करके आए हैं कि मुझे हाउस में बोलने नहीं देना है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैंने कहा है कि ऐसा मत करिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, इनके बोलने का समय समाप्त हो गया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पाणि जी, मैंने आपको कह दिया है कि आप बीच में इंटरप्ट नहीं कर सकते हैं। आपको इस बात की इजाजत नहीं है कि आप हर वक्त उठकर इंटरप्ट करें। आपके लीडर्स बैठे हैं, अगर कोई इंटरवीन करना है, तो वह करेंगे, आप क्यों करते हैं? इसके लिए न उन्होंने आपको पॉवर आफ अटार्नी दी है और न हाउस ने आपको कहा है। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती जयन्ती नटराजन: जब अरुण शौरी जी ने कैरीकेचर किया था, तब आप कहां थे? ...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : नहीं किया।...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : प्राइम मिनिस्टर का कैरीकेचर किया। ...**(व्यवधान)**... पी.एम. का कैरीकेचर बनाकर किया। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : अहलुवालिया जी, चाहे इधर से करो या उधर से करो, दोनों गलत है।...**(व्यवधान)**...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, अरुण शौरी जी ने बोलते वक्त किसी की आवाज बनाकर नहीं कहा ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल : प्राइम मिनिस्टर की आवाज में कहा। ...**(व्यवधान)**... उन्होंने प्राइम मिनिस्टर की आवाज की नकल उतारी। आप क्या बात रहे हैं? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... देखिए, शुक्ला जी। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: सर, मैं अपना भाषण दे रहा हूं और वह बार-बार खड़े हो जाते हैं। यह आप बताएंगे कि क्या होना चाहिए या वह बताएंगे? ...**(व्यवधान)**... मैंने तो नहीं कहा जब उन्होंने प्राइम मिनिस्टर के बारे में बोला।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: अब आप यह तय करिए कि इस तरह से हाउस में कब तक चलेगा? आपके सवाल-जवाब कब तक चलेंगे? ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव शुक्ल: सर, ये बार-बार बीच में खड़े हो जाते हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बोलते जाइए। You don't take notice of his interruptions. ***...(Interruptions)...*** Whatever we are saying that will go on record and whatever Mr. Ahluwalia says that will not go on record. You go ahead. ***...(Interruptions)...***

श्री राजीव शुक्ल : जार्ज बुश के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have not identified you. ***...(Interruptions)...*** You cannot get up like this and say whatever you want to say. ***...(Interruptions)...*** Please.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Why are you naming me only? ***...(Interruptions)...***

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Because Ahluwalia is doing it, so I said "Ahluwaliaji". ***...(Interruptions)...*** Mr. Ahluwalia, at present you are interrupting. When tomorrow Mr. Pani interrupts, I will tell him. ***...(Interruptions)...*** I request you to please cooperate. ***...(Interruptions)...*** Let the debate go on. ***...(Interruptions)...*** Please cooperate. ***...(Interruptions)...*** I will not tolerate Mr. Pani.

श्री राजीव शुक्ल: आप क्यों बार-बार बोल रहे हैं? ...**(व्यवधान)**... यह कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति से जाकर बोलते हैं। ...**(व्यवधान)**...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, he has to address the Chair.

श्री राजीव शुक्ल: मैं आपकी तरफ नहीं देख रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप मेरी तरफ देखिए।

श्री राजीव शुक्ल: उपसभापति जी, मैं वही कह रहा हूं कि उन्होंने प्राइम मिनिस्टर का मज़ाक बनाया और कहा कि प्राइम मिनिस्टर अमेरिकी राष्ट्रपति से जाकर कहते हैं...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : ठीक है, वह सब सब्जेक्ट कह दिया, अब आप आगे बढ़िए।

श्री राजीव शुक्ल : मैं यह कह रहा हूं कि मैं भी यह बात कह सकता था कि जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति क्लिंटन भारत आए थे, तो उनके पीछे-पीछे कौन घूम रहा था? क्लिंटन को छोड़ दीजिए, उस समय की सरकार के लोग उनकी बेटी को लेकर जोधपुर से लेकर हर जगह पर, * करते हुए कौन घूम रहे थे? जो लोग बेटियों तक की * कर सकते हैं, वे हमारे प्राइम मिनिस्टर पर इल्जाम लगाते हैं कि बुश के लिए उन्होंने कहा, 'Every Indian loves you'. बोलने से पहले सोच लेना चाहिए। हो सकता है कि आप बहुत अच्छे वक्ता हों, प्रभावशाली वक्ता हों, लेकिन किसी के लिए कुछ भी बोल देना, ठीक नहीं है। किसी का भी मज़ाक बना देना का आपको कोई सर्टिफिकेट या अधिकार नहीं मिला है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप लोग खामोश रहिए। Nothing will go on record. यदि कोई बैठकर बात करे, तो Nothing will go on record. Please conclude Mr. Shukla.

श्री राजीव शुक्ल: मैं उन बातों में नहीं जा रहा हूं। सर, जहां तक CTBT पर साइन करने की बात है, end use का सवाल है, तो अगर Strobe Talbott की किताब उठा लें, तो उसमें उन्होंने खुद लिखा है कि उस समय की सरकार इस बात के लिए तैयार थी कि हम CTBT पर signature करें। उनको इसका जवाब देना चाहिए। जब ऑनरेबल लीडर ऑफ अपोजिशन बोलेंगे, तो निश्चित रूप से यह बताएं कि जो Strobe Talbott की किताब में लिखा है कि उस समय CTBT पर साइन करने के लिए उस समय के प्राइम मिनिस्टर, NDA की गवर्नमेंट तैयार थी या नहीं थी, तब end use वाली बात आगे आएगी।...(समय **की घंटी**)... सर, मैं एक बात अलग से रखना चाहता हूं कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का रोल लगातार बढ़ता चला जा रहा है और अब भारत 3rd world country की तरह नहीं देखा जाता है। जितनी 6 अहम कमेटियां हैं, उनमें भारत की राय को बहुत महत्व दिया जाता है। आज वहां अमेरिका का बोलबाला इसलिए है कि युनाइटेड नेशन्स में सबसे ज्यादा कंट्रीब्यूशन अमेरिका का है। मुझे लगता है कि इसमें कोई हर्ज़ नहीं है। भारत एक developing economy है। हम ज्यादा कंट्रीब्यूट कर सकते हैं और मुझे लगता है कि वहां कंट्रीब्यूशन बढ़ाना चाहिए, ताकि भारत का किरदार बहुत अहम किरदार हो सके। एक बात सरदार तरलोचन सिंह जी ने उठाई थी कि चाहे किसी भी तरीके से या भले ही agents के जरिए, सिख या पंजाबी लड़के यूरोप में पहुंच गए हैं, वे वहां पर बहुत परेशानी में हैं। जो कंट्रीज़ उनके वीज़ा को वैधता प्रदान कर सकते हैं या उनके पासपोर्ट बना सकती हैं, तो इस मामले में हमें उनकी मदद करनी चाहिए। सर, मैं एक और बात के लिए सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि जो चाइनीज़ गुड्स हैं, उन पर धीरे-धीरे प्रतिबंध लग रहा है। मुझे लगता है कि इंडियन इंडस्ट्री को बढ़ाने के लिए इस तरह के और प्रतिबंध लगाए जाएं, तमाम दूसरे गुड्स पर भी प्रतिबंध लगाए जाएं, यह मैं चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI A.A. JINNAH (Tamil Nadu): Respected Deputy Chairman, Sir, no peace or amicable relationship is prevailing around us with the neighbouring countries like Pakistan, Bangladesh, China, Nepal and Sri Lanka. Infiltration from Bangladesh has posed a great problem for our internal peace. Pakistan is a source of producing terrorism and exporting the same to our country. All the Members have spoken in detail. For a long time the discussion was going on. Sir, I will put an end to the matter about Pakistan. Yesterday while making a statement in the Parliament, Lok Sabha, the hon. Prime Minister of India said that the doors are open for dialogue, provided Pakistan fulfils the commitment to root out anti-Indian terrorist activity from

*Expunged as ordered by the Chair.

its soil. Now, I draw the attention of the House about the barbaric racial attack on the Indian students by the Australians. In spite of assurances given by the Prime Minister and others of Australian Government, the Indian students are subjected to innumerable torture because of the arrogance of the Australians.

Yesterday, an Indian woman journalist was brutally assaulted for writing an article exposing educational scam.

Now, I would like to understand the current political scenario prevailing in Sri Lanka. Sir, 3 lakh Tamils — men, women, children, old and diseased — are kept behind an electrical fence by the Sri Lankan Army. The Red Cross and media are prevented from seeing them. They are put to a lot of inconvenience and are unable to express their position to anybody in the world. Our Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Kalaignar Karunanidhi, has extended his co-operation and helped by providing 4 vessels full of articles for their help and also sent Rs. 25 crores. The Government of India, under the able guidance of the Chairperson of the UPA Madam Soniaji and under the leadership of Dr. Manmohan Singh, has allotted Rs. 500 crores in the Budget for rehabilitation of Tamils. I would like to request the External Affairs Ministry to exchange useful dialogue to save their rights and see that they are given equal position with Sinhalis. During the ethnic battle, a lot of their local leaders were assassinated. I would like to remind you of the incidents that took place when Martin Luther King was advocating a theory of eradication of caste, colour and creed. He was fighting for the people of Negroes or Blacks. The Blacks were earlier considered and taken as slaves. He has taken a lot of steps and agitations for the upliftment of the Blacks. But, now, due to the steps taken by Martin Luther King — of course he was assassinated later — they are getting the benefit. They are now being treated equal to Americans and now they are called as African-Americans.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI A.A. JINNAH: Sir, here, I would like to point out to the hon. Minister of External Affairs that some of the Secretaries from the Ministry are going there and talking with President Rajapaksa and getting his advice and coming back. They do not have the curtsey to go and meet Tamils or the people who are suffering there. This is like *pallukkum kaaval, poonaikkum thozhan.* It is means, 'guarding milk as well as friendly with cat.' If this is so, they cannot get justice. There are 3 lakh Tamils who lost their houses.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude, Mr. Jinnah.

SHRI A.A. JINNAH: Yes, Sir. I am concluding.

They are losing their property. They have become homeless. They are not even having clothes to wear. They are not having food to eat. The situation is very worse. So, I request the hon. External Affairs Minister to personally visit Sri Lanka along with some of the Members from

both the Houses of Parliament to take stock of the real situation and try to help the Tamils in Sri Lanka in real sense. Thank you.

श्री अहमद सईद मलीहाबादी (पश्चिमी बंगाल): मोहतरम डिप्टी-चेयरमैन साहब, आज तमाम बहस सुनने के बाद मेरा अहसास ऐसा है कि तमाम लोग इस बात पर इत्तिफाक करते हैं कि हमारे मुल्क की खारजा पॉलिसी जिस तरह पहले आज़ाद थी, वैसे ही आज़ाद रहनी चाहिए। अगर वह आज़ाद नहीं रहेगी, तो उसमें इख्तिलाफ़ पैदा हो सकता है। Right or Left, दोनों तरफ से जो आवाज़ें आई हैं, जो कुछ बात कही गई है, सब इस बात पर मुत्तफिक हैं कि हमारे मुल्क को जिस तरह से अब तक चलाया गया था, आज़ाद खारजा पॉलिसी, peaceful co-existence, non-interference, दूसरे मुल्कों के मामलात में मुदाखलत न करना, सबके साथ जहाँ तक मुमकिन हो दोस्ताना ताल्लुकात रखना और नावाबस्तगी, non-alignment, हमारी यह पॉलिसी कायम रहनी चाहिए। दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद मेरा अहसास यह है कि हम सब इस बात पर मुत्तफिक हैं कि यह पॉलिसी सही थी और इस पर हमको कायम रहना चाहिए। यह बहुत जरूरी है।

हमारे वजीर-ए-आज़म साहब ने जो भी मुश्तरका बयान जारी किया है, उसके बारे में जितनी भी बहस हुई है, उसमें बुनियादी बात यह है और वह बात कभी खत्म नहीं हो सकती है कि कोई भी पड़ोसी मुल्क हो, पाकिस्तान हो या कोई भी मुल्क हो, पड़ोसी हो या गैर-पड़ोसी हो, सारी दुनिया का मामला है, हमें उन लोगों के साथ ताल्लुकात रखना है। इस दुनिया में हम सबसे लड़ कर, अलग-थलग होकर नहीं रह सकते हैं। उसके लिए गुफ़्तगू बन्द न हो, बात चलती रहे। अब यह बात जरूर सही है कि हालात के तहत आगे-पीछे कुछ हो सकता है। मुम्बई में पिछले साल नवम्बर महीने में जो वाक़या हुआ था, 7-8 महीने से हमारे दरम्यान बातचीत बन्द थी। हम लोग एक-दूसरे से बात कर रहे थे, लेकिन दूसरे अंदाज से कर रहे थे कि तुमको यह करना है, वह नहीं करना है। लेकिन अब अगर हमारे वजीर-ए-आज़म साहब यह समझते हैं कि हमें इस बात को फिर शुरू करना चाहिए, तो उसमें कोई गलत बात मेरे ख्याल में नहीं है, हमें ऐसा करना चाहिए। इस बात का लिहाज रखना बहुत जरूरी है, अब यह इत्तिफाक की बात है कि हमारा जो बहुत ही करीबी पड़ोसी मुल्क है, पाकिस्तान, वह एक झगड़ालु मुल्क है। झगड़ालु शायद इसलिए है कि यह बॅटवारे के नतीजे में आया है, यह हमारा natural पड़ोसी नहीं है। अब उसके बॅटवारे के नतीजे में जो झगड़े थे, उन झगड़ों को लेकर वे अभी तक चल रहे हैं। हमारी कोशिश यह है कि उन बातों का निबटारा बातचीत के जरिए कर दिया जाए। वहाँ की हुकूमत या वहाँ की जो सियासी पार्टियाँ हैं या वहाँ जब कभी फौजी हुकूमत आती है, उसमें वे जो पॉलिसी अख्तियार करते हैं, वह उनका काम है, लेकिन हमारा काम यह है कि हम पाकिस्तान को, वहाँ के लोगों को यह समझाने की कोशिश करते हैं कि दोनों मुल्कों का मफाद इसमें है कि हम मिल-जुल कर रहें, अपने मामलात को सुलझा लें और जो भी झगड़े हैं, उनको खत्म करें, पुरानी बातों को लेकर न चलें, बुग़ज़ और अदावत हमारे बीच में नहीं होने चाहिए। यह हमारी कोशिश रहती है और यह आगे भी रहेगी। हमारे वजीर-ए-आज़म साहब ने अगर इसकी तरफ कदम उठाया है, तो मैं इसके लिए उन्हें मुबारकवाद देता हूँ। लेकिन मैं इसमें एक बात और जोड़ना चाहता हूँ कि हुकूमतों के साथ तो हमारी बातचीत जब भी चलेगी या नहीं चलेगी, जो भी होगा, लेकिन पाकिस्तान की आवाम के साथ हमें अपना relation कमजोर नहीं होने देना चाहिए, क्योंकि जो बुनियादी बात होती है, वह किसी भी मुल्क की कौम होती है। हुकूमतें आती हैं और जाती हैं और पार्टियाँ भी बनती हैं और बिगड़ती रहती हैं, लेकिन उस मुल्क की आवाम, उस मुल्क की कौम रहती है। हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के जो लोग हैं, दोनों मुल्कों की जो कौम हैं, उनके दिल में एक-दूसरे के लिए अदावत, बुग़ज़ और कीना नहीं है। वे जब भी एक-दूसरे के साथ मिलते हैं, तो मोहब्बत का बर्ताव करते हैं। ये

खून के रिश्ते रहे हैं। अलग कर दिए गए हैं, मसनूई बुनियादें बना दी गई हैं, बॉर्डर बना दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद दिलों के अन्दर एक मोहब्बत है। दोनों मुल्कों के अन्दर है। हमें आवाम के साथ अपना रिश्ता कायम रखना चाहिए। उस रिश्ते को कायम रखने के लिए मैं अपने वजारत-ए-खारजा से यह दरख्वास्त करना चाहता हूँ कि पिछले 7-8 महीने से जो सिलसिला बन्द है, हमने नहीं बन्द किया है, हालात की वजह से बन्द हुआ है, अब उस सिलसिले को फिर हमें शुरू करना चाहिए। वहाँ के जो अच्छे लोग हैं, वहाँ जो सियासी लोग हैं, वहाँ जो अदबी काम करने वाले लोग हैं, जर्नलिस्ट्स हैं, जो cultural groups हैं, अब उन लोगों के साथ हमारा exchange होना चाहिए। कुछ यहां के डेलिगेशन वहां जाएं और कुछ वहां के डेलिगेशन यहां आएं। इंडिया-पाकिस्तान की फ्रेंडशिप को डेवलप करने के लिए हमें कदम उठाने चाहिए, क्योंकि हम इस पूरे मामले को खत्म करना चाहते हैं। अब जहां तक रह गई बात बलूचिस्तान की, बलूचिस्तान का यह केवल एक लफ़्ज आ गया है। मुझे तो इस बात का ताज्जुब है कि वहां के वज़ीर-ए-आज़म साहब ने सिर्फ बलूचिस्तान का जिक्र किया है और हम पर इल्ज़ाम लगाने के ख़याल से ही किया है, ऐसे ही झूठ-मूठ नहीं कर दिया है। यह तो कहिए कि उन्होंने तालिबान का मामला भी हमारे साथ नहीं जोड़ दिया और यह नहीं कह दिया है कि तालिबान के साथ उनकी जो लड़ाई चल रही है, वह भी हम ही करा रहे हैं। लेकिन वह उनकी अपनी पॉलिसी है, हमारा बलूचिस्तान को उनसे अलग करने का कोई सवाल नहीं है। हमारे कई भाइयों ने यह बात कही है और मैं भी उस पर उनसे इत्तिफ़ाक़ करता हूं कि बलूचिस्तान का मामला कोई आज का नहीं है। पाकिस्तान बनने के साथ ही साथ वह क़िस्सा भी वहां पर शुरू हुआ था। वह उनका मामला है और उसको उन्हें ही तय करना होगा, हमें उस झगड़े में कोई दख़ल नहीं देना है।

आख़िरी तौर पर मैं सिर्फ एक बात और अर्ज़ करके अपनी बात ख़त्म करता हूं, चूंकि यहां दो बातों का जिक्र आया है, इसलिए उनका कहना बहुत जरूरी है। हमारा मुल्क़ दूसरे मुल्कों में जब पहचाना जाता है, तो हमारी ख़ारिजा पॉलिसी के ज़रिए पहचाना जाता है। अभी यहां एक ज़िक्र आया कि सउदी अरब वगैरह में जो हज डेलिगेशन जाता है, हमारे मुल्क़ से डेढ़ लाख हाजी वहां जाते हैं। सारी दुनिया के लोग वहां पहुंच कर जमा होते हैं। हमारा मुल्क़ अगर वहां पर रिप्रेज़ेंट होता है, तो वह बिल्कुल सही तौर पर रिप्रेज़ेंट होना चाहिए। हमारा हज डेलिगेशन वहां जाता है, तो वह जाना बहुत जरूरी है। जहां तक हज के लिए सब्सिडी देने का सवाल है तो वह मसला अपनी जगह पर है। हज सब्सिडी कुछ और नहीं है, हमारी जो एअर सर्विसिज़ हैं, उसमें जितना हमारा खर्चा होता है, यह उनसे जुड़ा हुआ है। उस पर तो अगर हम लोग एक कार्पोरेशन बनाते, बजाए इसके कि हम हज कमेटियों के जरिए इस धंधे को चलाते, तो अब तक यह मसला कब का हल हो चुका होता। मैं अपने वज़ीरे ख़ारिजा साहब की तवज्जोह सिर्फ एक बात की तरफ करके अपनी बात खत्म कर रहा हूं और वह यह है कि हमारे यहां से हज कमेटी के ज़रिए डेढ़ लाख के क़रीब जो हाजी जा रहे हैं, उनसे हम कोई सर्विस टेक्स चार्ज नहीं करते हैं। यहां तक कि एअरपोर्ट का भी हम लोग उनसे कोई टेक्स नहीं लेते हैं। कुछ हाजी हज करने तो जाना चाहते हैं, लेकिन हज कमेटियों के जरिए नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि उनको मौक़ा नहीं मिलता है, चूंकि क़ुरे में, लॉट्री में उनका नाम नहीं आया होता है। इसलिए वे हमारी विज़ारते ख़ारिजा के अंडर ही जो प्राइवेट ऑपरेटर हैं, उनके जरिए जाना चाहते हैं। अभी खबर मिली है कि उनसे सर्विस टैक्स मांगा जा रहा है। मैं समझता हूं कि हमारे वज़ीरे ख़ारिजा साहब को इस पर तवज्जोह देनी चाहिए कि अगर हम यह करेंगे तो यह डिस्क्रिमिनेशन हो जाएगा। हमारी विज़ारते ख़ारिजा हज कमेटी भी चला रही है, हमारी विज़ारते ख़ारिजा प्राइवेट ऑपरेटरों को भी लाइसेंस दे रही है और उनको ऑथोराइज़ भी कर रही है। चूंकि जो सर्विस टेक्स है, वह सर्विस यहां नहीं दी जा रही है, वह सर्विस फॉरेन कंट्री में दी जा रही है, तो उसके ऊपर सर्विस टैक्स नहीं लगना चाहिए।

मैं समझता हूं कि हमारी जो फॉरेन पॉलिसी है, उस मसले में हमारी विज़ारते ख़ारिजा को आज़ाद, इंडिपेंडेंट पॉलिसी पर चलना चाहिए। इसी से दुनिया के अन्दर हमारी पहचान है और इसी से हमारी इज्जत है। बहुत-बहुत शुक्रिया।

جناب احمد سعید ملیح آبادی (پشچھمی بنگال) : محترم ڈپٹی چئیرمین صاحب، آج تمام بحث سننے کے بعد میرا احساس ایسا ہے کہ تمام لوگ اس بات پر اتفاق کرتے ہیں کہ ہمارے ملک کی خارجہ پالیسی جس طرح پہلے آزاد تھی، ویسے ہی آزاد رہنی چاہئے۔ اگر وہ آزاد نہیں رہے گی، تو اس میں اختلاف پیدا ہو سکتا ہے۔ رائٹ اور لیفٹ، دونوں طرف سے جو آوازیں آئی ہیں، جو کچھہ بات کہی گئی ہے، سب اس بات پر متفق ہیں کہ ہمارے ملک کو جس طرح سے اب تک چلایا گیا تھا، آزاد خارجہ پالیسی، peaceful co-existence, non-interference دوسرے ملکوں کے معاملات میں مداخلت نہ کرنا، سب کے ساتھہ جہاں تک ممکن ہو دوستانہ تعلقات رکھنا اور ناوابستگی، نان-الائنمینٹ، ہماری یہ پالیسی قائم رہنی چاہئے۔ دونوں طرف کی بحث سننے کے بعد میرا احساس یہ ہے کہ ہم سب اس بات پر متفق ہیں کہ یہ پالیسی صحیح تھی اور اس پر ہم کو قائم رہنا چاہئے۔ یہ بہت ضروری ہے۔

ہمارے وزیر اعظم صاحب نے جو بھی مشترکہ بیان جاری کیا ہے، اس کے بارے میں جتنی بھی بحث ہوئی ہے، اس میں بنیادی بات یہ ہے اور وہ بات کبھی ختم نہیں ہو سکتی ہے کہ کوئی پڑوسی ملک ہو، پاکستان ہو یا کوئی بھی ملک ہو، پڑوسی ہو یا غیر پڑوسی ہو، ساری دنیا کا معاملہ ہے، ہمیں ان لوگوں کے ساتھہ تعلقات رکھنا ہے۔ اس دنیا میں ہم سب سے لڑ کر، الگ تھلگ ہوکر نہیں رہ سکتے ہیں۔ اس کے لئے گفتگو بند نہ ہو، بات چلتی رہے۔ اب یہ بات ضرور صحیح ہے کہ حالات کے تحت آگے پیچھے کچھہ ہو سکتا ہے۔ ممبئی میں پچھلے سال نومبر مہینے میں جو واقعہ ہوا تھا، 7-8 مہینے سے ہمارے درمیان بات چیت بند تھی۔ ہم لوگ ایک دوسرے سے بات کر

Transliteration in Urdu Script.

رہے تھے، لیکن دوسرے انداز سے کہہ رہے تھے کہ تم کو یہ کرنا ہے، وہ نہیں کرنا ہے۔ لیکن اب اگر ہمارے وزیر اعظم صاحب یہ سمجھتے ہیں کہ ہمیں اس بات کو پھر شروع کرنا چاہئے، تو اس میں کوئی غلط بات میرے خیال میں نہیں ہے، ہمیں ایسا کرنا چاہئے۔ اس بات کا لحاظ رکھنا بہت ضروری ہے، اب یہ اتفاق کی بات ہے کہ ہمارا جو بہت ہی قریبی پڑوسی ملک ہے، پاکستان، وہ ایک جھگڑالو ملک ہے۔ جھگڑالو شاید اس لئے ہے کہ وہ بنٹوارے کے نتیجے میں آیا ہے، یہ ہمارا نیچرل پڑوسی نہیں ہے۔ اب اس کے بنٹوارے کے نتیجے میں جو جھگڑے تھے، ان جھگڑوں کو لے کر وہ ابھی تک چل رہے ہیں۔ ہماری کوشش یہ ہے کہ ان باتوں کو نبٹارہ بات چیت کے ذریعےکر دیا جائے۔ وہاں کی حکومت یا وہاں کی جو سیاسی پارٹیاں ہیں یا وہاں جب کبھی فوجی حکومت آتی ہے، اس میں وہ جو پالیسی اختیار کرتے ہیں، وہ ان کا کام ہے، لیکن ہمارا کام یہ ہے کہ ہم پاکستان کو، وہاں کے لوگوں کو یہ سمجھانے کی کوشش کرتے ہیں کہ دونوں ملکوں کا مفاد اس میں ہے کہ ہم مل جل کر رہیں، اپنے معاملات کو سلجھا لیں اور جو بھی جھگڑے ہیں، ان کو ختم کریں، پرانی باتوں کو لے کر نہ چلیں، بغز اور عداوت ہمارے بیچ میں نہیں ہونے چاہئیں۔ یہ ہماری کوشش رہتی ہے اور یہ آگے بھی رہے گی۔ ہمارے وزیر اعظم صاحب نے اگر اس کی طرف قدم اٹھایا ہے، تو میں اس کے لئے انہیں مبارکباد دیتا ہوں۔ لیکن میں اس میں ایک بات اور جوڑنا چاہتا ہوں کہ حکومتوں کے ساتھ تو ہماری بات چیت جب بھی چلے گی یا نہیں چلے گی، جو بھی ہوگا، لیکن پاکستان کی عوام کے ساتھ ہمیں اپنا رلیشن کمزور نہیں ہونے دینا چاہئے، کیوں کہ جو بنیادی بات ہوتی ہے، وہ کسی بھی ملک کی قوم ہوتی ہے۔ حکومتیں آتی ہیں اور جاتی ہیں اور پارٹیاں بھی بنتی ہیں اور بگڑتی رہتی ہیں، لیکن اس ملک کی عوام، اس ملک کی قوم رہتی ہے۔ ہندوستان اور پاکستان کے جو لوگ ہیں، دونوں ملکوں کی جو قوم ہیں، ان کے دل میں ایک دوسرے کے لئے بغز، عداوت اور کینہ نہیں ہے۔ وہ جب بھی ایک دوسرے کے ساتھ ملتے ہیں، تو محبت کا برتاؤ کرتے ہیں۔ وہ

خون کے رشتے رہے ہیں۔ الگ کر دئے گئے ہیں، مصنوعی بنیادیں بنا دی گئی ہیں، بارڈر بنا دئے گئے ہیں، لیکن اس کے باوجود دلوں کے اندر ایک محبت ہے۔ دونوں ملکوں کے اندر ہے۔ ہمیں عوام کے ساتھ اپنا رشتہ قائم رکھنا چاہئے۔ اس رشتے کو قائم رکھنے کے لئے میں اپنی وزارت خارجہ سے یہ درخواست کرنا چاہتا ہوں کہ پچھلے 8-7 مہینے سے جو سلسلے بند ہیں، ہم نے نہیں بند کیاہے، حالات کی وجہ سے بند ہوا ہے، اب اس سلسلے کو پھر ہمیں شروع کرنا چاہئے۔ وہاں کے جو اچھے لوگ ہیں، وہاں جو سیاسی لوگ ہیں، وہاں جو ادبی کام کرنے والے لوگ ہیں، جرنلسٹ ہیں، جو کلچرل گروپس ہیں، اب ان لوگوں کے ساتھ ہمارا exchange ہونا چاہئے۔ کچھ یہاں کے ڈیلیگیشن وہاں جائیں اور کچھ وہاں کے ڈیلیگین یہاں آئیں۔ انڈیا۔پاکستان کی فرینڈشپ کو ڈیولپ کرنے کے لئے ہمیں قدم اٹھانے چاہئیں، کیوں ہم اس پورے معاملے کو ختم کرنا چاہتے ہیں۔ اب جہاں تک رہ گئی بات بلوچستان کی، بلوچستان کا یہ کیول ایک لفظ آ گیا ہے۔ مجھے تو اس بات کا تعجب ہے کہ وہاں کے وزیر اعظم صاحب نے صرف بلوچستان کا ذکر کیا ہے اور ہم پر الزام لگانے کے خیال سے ہی کیا ہے، ایسے ہی جھوٹ موٹ نہیں کر دیا ہے۔ یہ تو کہئے کہ انہوں نے طالبان کا معاملہ بھی ہمارے ساتھ نہیں جوڑ دیا اور یہ نہیں کہہ دیا ہے کہ طالبان کے ساتھ ان کی جو لڑائی چل رہی ہے، وہ بھی ہم ہی کرا رہے ہیں۔ لیکن وہ ان کی اپنی پالیسی ہے، ہمارا بلوچستان کو ان سے الگ کرنے کا کوئی سوال نہیں ہے۔ ہمارے کئی بھائیوں نے یہ بات کہی ہے اور میں بھی اس پر ان سے اتفاق کرتا ہوں کہ بلوچستان کا معاملہ کوئی آج کا نہیں ہے۔ پاکستان بننے کے ساتھ ہی ساتھ وہ قصہ بھی وہاں پر شروع ہوا تھا۔ یہ ان کا معاملہ ہے اور اس کو انہیں ہی طے کرنا ہوگا، ہمیں اس جھگڑے میں کوئی دخل نہیں دینا ہے۔

آخری طور پر میں صرف ایک بات اور عرض کرکے اپنی بات ختم کرتا ہوں، چونکہ یہاں دو باتوں کا ذکر آیا ہے، اس لئے ان کا کہنا بہت ضروری ہے۔ ہمارا ملک دوسرے ملکوں میں جب پہچانا جاتا ہے، تو ہماری خارجہ پالیسی کے ذریعے پہچانا جاتا ہے۔ ابھی

یہاں ایک ذکر آیا کہ سعودی عرب وغیرہ میں جو حج ڈیلیگیشن جاتا ہے، اس میں ہمارے ملک سے ڈیڑھ لاکھ حاجی وہاں جاتے ہیں۔ ساری دنیا کے لوگ وہاں پہنچ کر جمع ہوتے ہیں۔ ہمارا ملک اگر وہاں پر ریپریزینٹ ہوتا ہے، تو وہ بالکل صحیح طور پر ریپریزینٹ ہونا چاہئے۔ ہمارا حج ڈیلیگیشن وہاں جاتا ہے، وہ جانا بہت ضروری ہے۔ جہاں تک حج کے لئے سبسڈی دینے کا سوال ہے تو وہ مسئلہ اپنی جگہ پر ہے۔ حج سبسڈی کچھ اور نہیں ہے، ہماری جو ائر سروسز ہیں، اس میں جتنا ہمارا خرچہ ہوتا ہے، یہ ان سے جڑا ہوا ہے۔ اس پر تو اگر ہم لوگ ایک کارپوریشن بناتے، بجائے اس کے کہ ہم حج کمیٹیوں کے ذریعے اس دھندے کو چلاتے، تو اب تک یہ مسئلہ کب کا حل ہو چکا ہوتا۔ میں اپنے وزیر خارجہ صاحب کی توجہ صرف ایک بات کی طرف کرکے اپنی بات ختم کر رہا ہوں اور وہ یہ ہے کہ ہمارے یہاں سے حج کمیٹی کے ذریعے ڈیڑھ لاکھ کے قریب جو حاجی جا رہے ہیں، ان سے ہم کوئی سروس ٹیکس چارج نہیں کرتے ہیں۔ یہاں تک کہ ائرپورٹ کا بھی ہم لوگ ان سے کوئی ٹیکس نہیں لیتے ہیں۔ کچھ حاجی حج کرنے تو جانا چاہتے ہیں، لیکن حج کمیٹیوں کے ذریعے نہیں جانا چاہتے ہیں، کیوں کہ ان کو موقع نہیں ملتا ہے، چونکہ قرعہ میں، لاٹری میں ان کا نام نہیں آیا ہوتا ہے۔ اس لئے وہ ہماری وزارت خارجہ کے انڈر ہی جو پرائیویٹ آپریٹر ہیں، ان کے ذریعے جانا چاہتے ہیں۔ ابھی خبر ملی ہے کہ ان سے سروس ٹیکس مانگا جا رہا ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ ہمارے وزیر خارجہ صاحب کو اس پر توجہ دینی چاہئے کہ اگر ہم یہ کریں گے تو یہ ڈسکریمنیشن ہو جائے گا۔ ہماری وزارت خارجہ حج کمیٹی بھی چلا رہی ہے، ہماری وزارت خارجہ پرائیویٹ آپریٹروں کی بھی لائسنس دے رہی ہے اور ان کو آتھارائز بھی کر رہی ہے۔ چونکہ جو سروس ٹیکس ہے، وہ سروس یہاں نہیں دی جا رہی ہے، وہ سروس فارن کنٹری میں دی جا رہی ہے، تو اس کے اوپر سروس ٹیکس نہیں لگنا چاہئے۔

میں سمجھتا ہوں کہ ہماری جو فارن پالیسی ہے، اس مسئلے میں ہماری وزارت خارجہ کو آزاد، انڈیپینڈینٹ پالیسی پر چلنا چاہئے۔ اسی سے دنیا کے اندر ہماری پہچان ہے اور اسی سے ہماری عزت ہے۔ بہت بہت شکریہ۔ (ختم شد)

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र): धन्यवाद, उपसभापति महोदय। आज सदन विदेश मंत्रालय के कार्य-कलापों की चर्चा कर रहा है। पिछले चंद वर्षों में जो इस वर्तमान सरकार ने विदेशी नीति को लेकर जो कार्य किया है, उस पर यहां काफी लोगों ने प्रकाश डाला है। यहां इस बात की भी लोगों ने चर्चा की और स्वीकार किया कि हमारी आजादी के बाद इस देश की विदेश नीति की जो आधारशिला रखी गई, वह हमारे पहले प्रधान मंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के द्वारा रखी गई, जिनको हम विदेश नीति का आर्किटेक्ट भी कह सकते हैं। उन्होंने जब हमारे देश की विदेश नीति की आधारशिला रखी तो उनके सामने एक ही लक्ष्य था और वह यह था कि हमारी विदेश नीति का जो आधार होना चाहिए, वह हमारे देश के हितों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। हमको किसी भी गुट में जाने की आवश्यकता नहीं है। भारत को किसी भी ब्लॉक में जाने की जरूरत नहीं है और एक गुट-निरपेक्ष देश की हैसियत से आगे बढ़ने का काम हमको करना चाहिए जहां भी, जिस देश से भी हमारे देश के हितों की सिद्धि होती है, हम उन के साथ समझौता करें, हम उन से बातचीत करें और उन के साथ agreement करें। महोदय, इस उद्देश्य से पंडित जवाहर लाल नेहरू बहुत दूरदर्शी थे। उन्होंने इस बात को महसूस किया कि दुनिया के अंदर जो विकासशील देश हैं, जो अविकसित देश हैं, जिन की आवाज बड़े देशों तक नहीं पहुंचती है या जिन की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है, उन की रक्षा कैसे की जाए, उन की मदद कैसे की जाए, इसी उद्देश्य से पंडित जवाहर लाल नेहरू ने नासिर और टीटो के साथ मिलकर निर्गुट आंदोलन की शुरूआत की और उन्हीं के प्रयासों से भारत को बहुत लंबे समय तक उस आंदोलन का नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारत ने दुनिया के उन गरीब और पिछड़े देशों की नुमाइंदगी की और उन की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से निर्गुट आंदोलन में सुस्ती आ गयी थी, उस आंदोलन में कुछ कमी आ गयी थी। अभी हाल ही में निर्गुट देशों का सम्मेलन हुआ, जिस में भाग लेकर हमारे प्रधान मंत्री वापस लौटे हैं। महोदय, आज एक बार फिर इस बात को दुनिया में महसूस किया जा रहा है कि इस निर्गुट आंदोलन को फिर से मजबूत करने की आवश्यकता है।

उपसभापति महोदय, भारत एक शांति प्रिय देश है। हम ने हमेशा विश्व शांति के लिए काम किया है। जब कभी भी किसी देश ने किसी कमजोर देश को अपने अधीन करने की कोशिश की है या अपना वर्चस्व बनाने का प्रयास किया है तो भारत ने उस का विरोध किया है। इसी के साथ-ही-साथ भारत ने अलग-अलग ढंग से उस की कीमत भी चुकायी है, लेकिन हम कभी भी विश्व शांति से पीछे नहीं हटे हैं। हमारा हमेशा यही प्रयास रहा है, हमारी यही भूमिका रही है कि दुनिया में शांति हो क्योंकि जब तक दुनिया में शांति, व्यवस्था नहीं रहेगी, खास तौर से जो विकासशील देश हैं, developing countries हैं, उन का विकास अवरुद्ध रहेगा, वे तेजी से आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

उपसभापति महोदय, भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह भी है कि हम अपने पड़ौसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखना चाहते हैं, मधुर संबंध बनाकर रखना चाहते हैं। महोदय, चाहे हमारा पड़ौसी देश चीन हो, बांग्लादेश हो, नेपाल हो, श्रीलंका हो या पाकिस्तान हो, हम चाहते हैं कि सब के साथ हमारे मधुर संबंध हों। महोदय, हमारा मानना है कि जब तक पड़ौस के देश में राजनीतिक स्थिरता नहीं होगी, हम को भी उस का नुकसान उठाना पड़ेगा। हम अपने किसी भी पड़ौसी देश को राजनीतिक आधार पर अस्थिर नहीं करना चाहते हैं। हमारी हमेशा यही कोशिश रही है और इसी बात को प्रधान मंत्री जी ने भी कहा है। महोदय, पिछले दिनों हमारे प्रधान मंत्री जी ने इसी सदन में एक बहुत अच्छी बात कही थी कि, हम अपने दोस्त बदल सकते हैं, हम अपने मित्र बदल सकते हैं, लेकिन हम अपने पड़ौसी नहीं बदल सकते हैं। इसलिए इस जमीनी सच्चाई पर कि हम अपने पड़ौसी देशों के साथ कैसे संबंध रखना चाहते हैं, हमें सोचने की जरूरत है और इस में कोई संकोच की बात नहीं है। अगर हम अपने पड़ौसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाने की कोशिश करते हैं तो इस में कोई बुराई नहीं है, लेकिन अगर हम किसी देश के साथ शांति चाहते हैं, अगर उस से अच्छे

संबंध बनाना चाहते हैं और कोई पड़ोसी देश अगर उसे हमारी कमजोरी समझता है, तो यह भी उस की भूल है। हम चाहते हैं कि हमारे संबंध सभी के साथ अच्छे हों, लेकिन अगर वह यह सोचता है कि वह हमारे देश के अंदर आतंकवाद को बढ़ावा देकर हमारी व्यवस्था को destabilize कर देगा, तो यह संभव नहीं है।

उपसभापति महोदय, ताली दोनों हाथों से बजती है। अगर हम संबंध बढ़ाना चाहते हैं, सुधारना चाहते हैं तो दूसरे देश को भी इस दिशा में आगे बढ़ना होगा और मैं मानता हूँ कि, अभी यहाँ राम जेठमलानी जी, जो एक eminent वकील हैं, ने भाषण दिया, मैं उनकी बात से बहुत सहमत हूँ कि आज पाकिस्तान के साथ हमारे प्रधान मंत्री जी का जो एग्रीमेंट हुआ है या जो बातचीत हुई है, उसको उस आईन में देखना चाहिए, उस तरीके से देखना चाहिए कि किस तरह से हम पाकिस्तान के अंदर — यह बात स्पष्ट हो गई है कि वहाँ दो शक्तियाँ उभरकर सामने आई हैं, जब से वहाँ जम्हूरियत बनी है, जब से वहाँ लोकतांत्रिक सरकार बनी है *..(समय की घंटी)..* उस सरकार और वहाँ की जो फौज है, उसके बीच में एक gap है, उस gap का लाभ हमको उठाना चाहिए। अगर हम कोशिश करें, तो वे लोग जो चाहते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद का साथ न दे, जो लोग यह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच अच्छे संबंध हों, उन शक्तियों को मदद करने की हमें कोशिश करनी चाहिए ताकि पाकिस्तान में उनको उससे ताकत मिल सके। आज जो पाकिस्तान की स्थिति है, जिस तरह से वह आतंकवाद से जूझ रहा है, यह खुद उसकी अपनी पैदाइश है। यह स्थिति खुद उन्होंने बनायी है और मैं समझता हूँ कि आज कम से कम वहाँ के एक सैक्शन को इस बात का जरू र अहसास हो रहा है कि जो काम उन्होंने हिन्दुस्तान के लिए किया था, जो खाई उन्होंने हिन्दुस्तान के लिए खोदी थी, उससे अब खुद उन्हें नुकसान हो रहा है।

अंत में, मैं यह कहूँगा कि इस मंत्रालय ने हर क्षेत्र में अच्छे काम किये हैं। भारत की एक भूमिका United Nations को मजबूत करने में और United Nations Security Council को revitalize करने की दिशा में भी हमारे मंत्रालय और हमारी सरकार ने काफी अच्छा किया है क्योंकि जो world orders बदल रहे हैं, उनको देखते हुए आज आवश्यकता है कि जो United Nations है और जो United Nations Security Council है, उसमें तब्दीली आनी चाहिए और उसमें भारत की भी हिस्सेदारी हो। तीसरी दुनिया के जो देश हैं, उनकी हिस्सेदारी भी उसमें हो। इस बात की कोशिश होनी चाहिए। हमारा काम Economic and Technical Co-operation में भी बहुत ही significant रहा है। खास तौर पर, IRC (India-Russia-China), BRIC (Brazil-Russia-India-China), IBSA (India-Brazil-South Africa), Indo-US Civil Nuclear Agreement, Europe और European Union के सभी देशों के साथ हमारे आर्थिक रू प से आदान-प्रदान के संबंध बने हैं, जिसका फायदा हमें मिल रहा है। South-East Asia पर हमारा विशेष ध्यान है। हम कोशिश कर रहे हैं कि South-East Asia के सभी देशों के साथ हमारे संबंध अच्छे हों। हमने 'Look East' Policy अपनायी है। हमको उसका भी फायदा हो रहा है। विशेष रू प से अफ्रीका, जो कि बहुत पिछड़ा हुआ क्षंेत्र है, इस दुनिया में उसके साथ भी हमने अपने संबंध सुधारने की कोशिश की है। India-Africa Forum Summit जो नयी दिल्ली में हुआ, वह भी एक ऐतिहासिक Summit था। उसके ज़रिये हमारे संबंध African countries के साथ अच्छे हुए हैं और हमने उनको जोड़ने की कोशिश की है। इसी तरह से, अप्रैल 2006 में Diplomacy Division of MEA, जो इस बात के लिए बनाया गया कि India की foreign policy को दूसरे देशों के साथ — जैसे हमारा delegation exchange करके या seminar, symposium और workshop करके हमारी जो foreign policy है, उसे लोगों तक पहुँचाया जा सके।

अंत में, मैं हज-यात्रियों की समस्या के बारे में कहना चाहूँगा, जिसे अभी हमारे पूर्व वक्ता ने भी यहाँ रखा है। उन्होंने यह ठीक कहा कि हिन्दुस्तान से एक बहुत बड़ी संख्या में, करीब डेढ़ लाख हाजी हज करने के लिए सऊदी अरब जाते हैं। वहाँ सारी दुनिया के लोग जमा होते हैं। वहाँ हमें अपनी diplomacy, अपना रिश्ता बनाने का एक मौका मिलता है। इसलिए भारत सरकार को उस पर ध्यान देना चाहिए और ऐसी कोई कार्रवाई नहीं

होनी चाहिए, जैसे सर्विस टैक्स की बात कही गई या और किसी तरह की जो उनकी परेशानियाँ हैं, उनको दूर करने का काम करना चाहिए।

मैं चाहूंगा, हमारे विदेश मंत्री यहां मौजूद हैं, इन बातों पर ध्यान दें। इसके साथ-साथ मैं कहना चाहता हूं कि Disarmament Movement, जो 1988 में श्री राजीव गांधी जी ने चलाया था, उस आन्दोलन को फिर मजबूत करने की और भारत को उसकी अगुवाई करने की जरूरत है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

श्री विश्वजीत दैमारी (असम): सर, मैं इस मंत्रालय के साथ जुड़ी हुई कुछ बातों और समस्याओं को आपके जरिए हमारे मंत्री महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं। सर, आज यहां तमाम बहस हुई है विदेश नीति या फॉरेन पॉलिसी पर, इसी तरह से मैं कहना चाहता हूं कि हमारे नार्थ-ईस्ट से भी इस मंत्रालय के साथ जुड़ी हुई बहुत बातें और समस्याएं हैं। शायद आप लोगों को पता हो कि नार्थ-ईस्ट पांच फॉरेन कंट्रीज़ के साथ जुड़ा हुआ है — नेपाल से लेकर भूटान, चाइना, म्यांमार और बंगला देश। इन देशों के साथ बहुत अच्छी तरह से सम्पर्क बहुत जरूरी है। जिस तरह से पाकिस्तान के साथ Terrorist समस्या को लेकर आज यहां पर डिस्कशन हो रहा है, उसी तरह से बंगला देश, भूटान, चाइना, नेपाल को लेकर नार्थ-ईस्ट में बहुत समस्या हो रही है। आज बंगला देश में, उधर से *हूज़ी* की activities ही नहीं हैं, हमारे देश के extremist shelter लेकर यहां activities कर रहे हैं और हम, उनके साथ अच्छे relations नहीं बना पाने के कारण, आज भी वहां से arms आने से नहीं रोक सके हैं, आज भी India के extremists को वहां जाकर ट्रेनिंग लेने से हम रोक नहीं सके हैं। इसके लिए उन लोगों के साथ हमारी External Affairs Ministry की तरफ से अच्छे relations बनाकर इन activities को बंद करने का काम करना बहुत जरूरी है। चाइना के साथ भी आज कुछ extremists सम्पर्क कर रहे हैं, ये भी हमारे लिए एक भयानक स्थिति लाएंगे। आज माओवादी, असम में जो भूटान बॉर्डर है, वहां तक activity हो रहा है कि वे उधर पकड़े गए हैं, वे लोग नेपाल से आकर activities कर रहे हैं। तो यह हमारे लिए danger स्थिति है। इसके लिए हमें नेपाल के साथ अच्छे relations बनाने पड़ेंगे, ताकि इसको हम रोक सकें।

इसी तरह से वहां पर कुछ development के लिए जो हमारी neighbour countries हैं, उनके साथ बात करनी पड़ेगी। मैं आज जानना चाहूंगा कि वहां के लिए एक Trilateral Highway Project announce किया गया था — भारत, म्यांमार और थाइलैंड के बीच — वह project आज किस स्थिति में है और यह कब तक complete होगा? असम के Lidu से चाइना के Kungming via म्यांमार एक रास्ता है, जो आज तक बंद है, अगर इस रास्ते को हम open कर सकेंगे तो वह वहां की development के लिए भी और उन देशों के साथ हमारे सम्पर्क के लिए भी बहुत काम आएगा, लेकिन पता नहीं क्यों आज तक हमारे देश की तरफ से ही इसके लिए रुकावट है। न तो म्यांमार ने उसको रोका है और न ही चाइना ने रोका है। तो मैं मंत्री महोदय से इस बारे में भी जानना चाहूंगा।

इसी तरह से असम की ब्रह्मपुत्र नदी चाइना से आती है, लेकिन हम सुन रहे हैं कि चाइना वहां Dam बनाकर उस नदी की stream को divert करके उसे चाइना की तरफ ही बहाकर ले जाने के लिए कुछ प्रोजेक्ट बना रहा है। अगर यह प्रोजेक्ट चाइना करता है तो इससे असम, वेस्ट बंगाल और बिहार में पानी की बहुत समस्या हो जाएगी, जिसके बारे में आप बहुत चिंतित भी हैं, हर समय हम लोग drought के बारे में बात भी करते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि अगर चाइना यह प्रोजेक्ट करने जा रहा है तो हमारी External Affairs Ministry इसके बारे में अच्छी तरह से खबर ले और इसको रोकने की कोशिश करे।

भूटान में कुछ Power Projects करने के कारण असम का जो Northern part है, बोडोलैंड एरिया है, उसमें बहुत ही flood और erosion की नई-नई situations पैदा हो रही हैं। मैं चाहूंगा कि भूटान के साथ बात

करते हुए उसको भी देखा जाए, ताकि जब भी कोई प्रोजेक्ट लिया जाए तो कम से कम वे हमारी मिनिस्ट्री से concern करें, वहां के लोगों के साथ concern करें, ताकि भविष्य में इस तरह के प्रोजेक्ट्स को लेकर कोई समस्या भारत में न आए। तो आप इसकी भी व्यवस्था करें, मैं इसके लिए भी अनुरोध करता हूं।

इसी तरह न्यूक्लियर डील को लेकर आज सब लोग इस पर बहस कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि सिर्फ न्यूक्लियर डील ही नहीं, बल्कि हमारे नॉर्थ-ईस्ट के जितने भी रिसोर्सेज़ हैं, इनको हम अपने पड़ोसी देशों के साथ मिलकर काम में ला सकते हैं, यूटिलाइज कर सकते हैं। इसलिए आप हमारे देश की उन्नति के लिए, economic development के लिए भी चिंता करें, इसके लिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं।

उपसभापति महोदय, मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं। आज हमारा विदेश मंत्रालय, पृथ्वी के विभिन्न देशों के साथ संपर्क कर रहा है। इसी तरह हमारे नॉर्थ-ईस्ट के जो पड़ोसी देश हैं, मैं 5 देशों के बारे में बोल रहा हूं, उनके साथ जब भी आप deal करें, तो कम से कम नॉर्थ-ईस्ट को confidence में लेते हुए, नॉर्थ-ईस्ट को consult करते हुए यदि deal करेंगे, तो अच्छा रहेगा। आज भूटान में भारत सरकार की तरफ से बहुत काम हो रहा है, आज वहां 3,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़क भारत सरकार ने बनाई है, वह अच्छी बात है, लेकिन वहां के जो बॉर्डर एरिया के भारतीय नागरिक हैं, उनके साथ अगर बात करके, दोनों देशों के नागरिकों की भलाई के लिए कोई प्रोजेक्ट करें, तो बहुत अच्छा होगा। इसी तरह आप वहां जो पावर प्रोजेक्ट कर रहे हैं, उसमें भी भारत का हाथ है, भारत की कोई कंपनी ही वहां काम कर रही है, लेकिन यदि दोनों देशों के नागरिकों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, दोनों देशों के नागरिकों की बात सुनकर यह प्रोजेक्ट किया जाता, तो बहुत अच्छा होता। फिर इस तरफ flood and erosion की प्रॉब्लम को भारतीय लोगों को नहीं झेलना पड़ता। इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि आप भविष्य में इन बातों का ध्यान रखें और मैं उम्मीद रखता हूं कि कम से कम foreign dealing में आप नॉर्थ-ईस्ट को प्रतिनिधित्व देंगे और नॉर्थ-ईस्ट की भलाई के लिए भी कुछ पालिसीज़ बनाई जाएंगी, यह आशा रखते हुए, मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री मोहम्मद अदीब (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, 20वीं सदी में दो वाकयात हुए, जिसने दुनिया की सियासत को बड़े रंग दिए। पहला वाकया हिटलर की मौजूदगी का था। जब हिटलर ने अपनी पूरी ताकत हासिल कर ली, तो इस दुनिया ने जंग और बरबादी देखी। दूसरा वाकया था — जब रशिया यानी USSR collapse हुआ, उस वक्त अमरीका की कुव्वत इतनी बढ़ी कि दुनिया ने फिर ईराक, अफगानिस्तान और हर तरफ एक अजीब तमाशा, एक अजीब तरह की बेबसी देखी, लेकिन हिंदुस्तान के साथ यह खुशनसीबी थी कि हिंदुस्तान की खारजा पालिसी, गांधी का ख्वाब और नेहरू की समझ ने हमको दुनिया की एक अज़ीम कुव्वत बनाकर छोड़ा था। हिंदुस्तान की खारजा पालिसी अपने इंतहाईउरूज को तब पहुंची, जब हिंदुस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई हुई और बंगला देश आज़ाद हुआ। पाकिस्तान एक मुस्लिम कंट्री था, वह टूटा और बंगला देश बना। दुनिया की 50 से ऊपर मुस्लिम रियासतों ने हिंदुस्तान का साथ दिया, यह हिंदुस्तान की खारजा पालिसी के अज़ीम होने की निशानी है, लेकिन न जाने क्या हुआ है कि हम कहीं न कहीं बहक रहे हैं, हम अमरीका की तरफ इस तरह चले गए हैं कि हमारी समझ में नहीं आ रहा है कि यकीनी तौर पर अमरीका एक बहुत बड़ा मुल्क है, उसके पास बड़ी कुव्वत है, लेकिन अगर कद्रों के एतबार को देखा जाए, तो वह एक खोखला मुल्क है और एतबार से अगर देखा जाए, तो हिंदुस्तान, आज दुनिया की सबसे बड़ी कुव्वत है और हमको इन कद्रों को कायम रखना चाहिए। हमारा यह ख्याल है कि हम कहीं पर बहके हैं और बहके वहां हैं, जो ये बी.जे.पी. के लोग आज हंगामा उठा रहे हैं, ये वे लोग हैं, जिन्होंने हमारी पालिसी में dent लगाया था। मुझे

याद है कि श्री रोमेश भंडारी साहब की एक किताब मैंने पढ़ी थी और उन्होंने इराक के सिलसिले में एक वाकया लिखा है। उन्होंने यह लिखा है कि बंगला देश के आज़ाद होने के बाद, हिंदुस्तान को पेट्रोल की शदीद जरूरत थी, इसलिए मोहतरमा इंदिरा गांधी ने रोमेश भंडारी से बहैसियत ambassador यह कहा कि मुझको 30 दिन का पेट्रोल क्रेडिट पर दिलवा दो और सद्दाम हुसैन ने यह कहा कि मैं 30 दिन के क्रेडिट पर नहीं, मैं 30 दिन का फ्री पेट्रोल अपनी बहन को तोहफे में भेज रहा हूं, यह सब उस किताब में लिखा हुआ है। और जब सद्दाम हुसैन, जिसने 30 दिन का पेट्रोल हिन्दुस्तान को फ्री दिया, जब उसको वक्त पड़ा, उस वक्त एनडीए की सरकार थी, उनके ख़ारजा वजीर जब हिन्दुस्तान आये, तो उनसे मुलाकात नहीं की गई। उसे पूरी तरह से तबाह कर दिया गया, जो हमारा साथी मुल्क था। मैं अपने फॉरेन मिनिस्टर से कहना चाहता हूँ कि आप अपने दोस्तों को पहचानिये। जो शख्स जिसका नाम यासिर अराफात था, इंदिरा गांधी को सिर्फ बहन का रुतबा देता था, किस तरीके से बर्बाद होकर मर गया। इन जालिमों ने घेर लिया। आज यहाँ जेठमलानी साहब ने बड़े रुआब के साथ कहा कि ईरान हमारा दुश्मन मुल्क है, उससे कोई इत्तिहाद न किया जाए, इसलिए कि वह हजबुल्लाह को लेबनान में **असलहा** देता है। मैं पूछना चाहता हूँ कि इस्रायल क्या है? क्या इस्रायल से बड़ा कोई आतंकवादी है? अगर आतंकवाद का नाम लेना है, तो आपको यकीनी तौर पर इस्रायल के साथ दूरी पैदा करनी पड़ेगी। इस्रायल वह मुल्क है, जो फिलिस्तीन के लिए गांधी ने अपनी जिंदगी में यह कह दिया था, उन्होंने इस्रायल से यह कह दिया था कि फिलिस्तीन की जमीन अरबों की है। आज 60 साल से वे लोग बेबस हैं। हिन्दुस्तान की तरफ निगाह दिखाते हैं और यही हिन्दुस्तान उनकी मदद करता था, लेकिन न जाने हमने क्या सोचा है? अपने दोस्तों को खोते चले जा रहे हैं। आज भी हिन्दुस्तान की तरफ दुनिया के सारे मुमालिक, चाहे वे मुस्लिम मुल्क हों, चाहे फारस के हों, चाहे एशिया के हों, चाहे अफ्रीका के हों, उन्हें आपकी जरूरत है। हम चाहते हैं कि हमारे मुल्क की ख़ारजा पॉलिसी फिर वैसी ही हो और हम फिर कायद बनें। आप यकीनी तौर पर अमरीका को दौलत के एतबार से बड़ा मुल्क कह सकते हैं, लेकिन कद्रों के एतबार से दुनिया में उस मुल्क की कोई हैसियत नहीं है। यह हमारी शिनाख्त होनी चाहिए, यह हमारा हौसला और फैसला होना चाहिए कि जितने भी मुमालिक, जिन्होंने हिन्दुस्तान की पॉलिसी पर यकीन रखा है और यही वह पॉलिसी है जो दुनिया में इंसाफ और दुनिया में अमन पैदा कर सकती है।

आज बीजेपी के लोग एक हंगामा मचा रहे हैं और यह कह रहे हैं कि साहब, हमारे प्राइम मिनिस्टर ने बातचीत क्यों की है? मुझे बताइये कि यह बातचीत न करें तो फिर क्या करें? जैसा अभी कहा कि *गुफ़्तगू बंद न हो, बात से बात चले।*जब बात से बात चलेगी, तभी कोई फैसले होंगे। लेकिन, हमको अपनी फॉरेन पॉलिसी पर इतना एतमाद होना चाहिए और हमको वे सभी साथी को साथ लाना चाहिए जो इंदिरा गांधी ने लाकर दिखाये थे। अभी मैंने जैसा आपसे कहा कि सबसे बड़ा इम्तिहान सन् 1971 में हिन्दुस्तान पर आया था। सारे के सारे मुल्क हिन्दुस्तान के साथ खड़े थे। पाकिस्तान टूटा था, तीन मुल्क उसके साथ थे और दुनिया के सारे मुल्क हमारे साथ थे। हम अपने को क्यों हटा रहे हैं? क्यों अपनी निशानदेही कर रहे हैं? यकीनी तौर पर अगर आपको अमरीका से मुआहिदा करना है तो आप यह उससे कहिये कि तुम अगर तालिबान से लड़ाई लड़ना चाहते हो तो उसके हाथ पाकिस्तान से रोक दो। आज ये तालिबानी कौन हैं? यह आपको भी पता है। अमरीका ने रशिया को निकालने के लिए पाकिस्तान को पैसे दिये। वे पैसे वहाँ के मदरसों में गये। वे मदरसे दौलतमंद बन गये और तालिबान की शक्ल अख्तियार की। जब रशिया वापिस चला गया तो वही लोग कश्मीर भेज दिये गये। क्या हम पाकिस्तान से यह नहीं कह सकते कि आओ, हमसे हाथ मिलाओ? लेकिन शर्त यह है कि अमरीका जो तुमको अफगानिस्तान में जुल्म करने के लिए पैसे दे रहा है, उससे हाथ हटा लो। अगर हमने पाकिस्तान के साथ मुआहिदा कर लिया तो खुद-ब-खुद अमरीका को यहाँ से हटना पड़ेगा। हम अमरीका के

दुश्मन नहीं हैं, लेकिन अमरीका की पॉलिसी हमारे साथ कभी इख्तिलाफ नहीं कर सकती, कभी नहीं जोड़ सकती, इसलिए कि वह हमारे concept को नहीं समझ पायी है, हमारे भाईचारे को नहीं समझ पायी है। हमारी जो सांझी विरासत है, वह उसकी समझ से बाहर है। उसके पास सिर्फ दौलत कमाने का काम है। वह अपनी economy को मजबूत करने के लिए असलहा बनाता है। ...(समय की घंटी)... हम अपनी economy को बढ़ाने के लिए असलहा नहीं बनाते हैं। हम जो कुछ कमाते हैं, अपने भाइयों में बांटने के लिए बनाते हैं। इन अल्फाज़ के साथ मैं प्राइम मिनिस्टर के इस इक्दाम की पूरी तरीके से ताईद करता हूँ और यह कहता हूँ कि गुफ्तगू बंद न हो, बात से बात चले और यह हमको बराबर कायम रखना चाहिए। बहुत- बहुत शुक्रिया।

جناب محمد ادیب (اتر پردیش) : اپ سبھا پتی مہودے، 20ویں صدی میں دو واقعات ہوئے، جس نے دنیا کی سیاست کو بڑے رنگ دئے۔ پہلا واقعہ ہٹلر کی موجودگی کا تھا۔ جب ہٹلر نے اپنی پوری طاقت حاصل کر لی، تو اس دنیا نے جنگ اور بربادی دیکھی۔ دوسرا واقعہ تھا - جب رشیا یعنی USSR collapse ہوا، اس وقت امریکہ کی قوت اتنی بڑھی کہ دنیا نے پھر عراق، افغانستان اور ہر طرف ایک عجیب تماشہ، ایک عجیب طرح کی بےبسی دیکھی، لیکن ہندوستان کے ساتھ یہ خوش نصیبی تھی کہ ہندوستان کی خارجہ پالیسی، گاندھی کا خواب اور نہرو کی سمجھ نے ہم کو دنیا کی ایک عظیم قوت بنا کر چھوڑا تھا۔ ہندوستان کی خارجہ پالیسی اپنے انتہائی عروج کو تب پہنچی، جب ہندوستان اور پاکستان کی لڑائی ہوئی اور بنگلہ دیش آزاد ہوا۔ پاکستان ایک مسلم کنٹری تھا، وہ ٹوٹا اور بنگلہ دیش بنا۔ دنیا کی 50 سے اوپر مسلم ریاستوں نے ہندوستان کا ساتھ دیا، یہ ہندوستان کی خارجہ پالیسی کو عظیم ہونے کی نشانی ہے، لیکن نہ جانے کیا ہوا ہے کہ ہم کہیں نہ کہیں بہک رہے ہیں، ہم امریکہ کی طرف اس طرح چلے گئے ہیں کہ ہماری سمجھ میں نہیں آرہا ہے کہ یقینی طور پر امریکہ ایک بہت بڑا ملک ہے، اس کے پاس بڑی قوت ہے، لیکن اگر قدروں کے اعتبار کو دیکھا جائے، تو وہ ایک کھوکھلا ملک ہے اور اعتبار سے اگر دیکھا جائے، تو ہندوستان، آج دنیا کی سب سے بڑی قوت ہے اور ہم کو ان قدروں کو قائم رکھنا چاہئے۔ ہمارا یہ خیال ہے کہ ہم

Transliteration in Urdu Script.

کہیں پر بھکے ہیں اور بھکے وہاں ہیں، جو یہ بی.جے.پی. کے لوگ آج ہنگامہ اٹھا رہے ہیں، یہ وہ لوگ ہیں، جنہوں نے ہماری پالیسی میں ڈینٹ لگایا تھا۔ مجھے یاد ہے کہ شری رومیش بھنڈاری صاحب کی ایک کتاب میں نے پڑھی تھی اور انہوں نے عراق کے سلسلے میں ایک واقعہ لکھا ہے۔ انہوں نے یہ لکھا ہے کہ بنگلہ دیش کے آزاد ہونے کے بعد، ہندوستان کو پیٹرول کی شدید ضرورت تھی، اس لئے محترمہ اندرا گاندھی نے رومیش بھنڈاری سے بہ حیثیت ایمبیسڈر یہ کہا کہ مجھ کو 30 دن کا پیٹرول کریڈٹ پر دلوا دو اور صدام حسین نے یہ کہا کہ میں 30 دن کے کریڈٹ پر نہیں، میں 30 دن کا فری پیٹرول اپنی بہن کو تحفے میں بھیج رہا ہوں، یہ سب اس کتاب میں لکھا ہے۔ اور جب صدام حسین، جس نے 30 دن کا پیٹرول ہندوستان کو فری دیا، جب اس کو وقت پڑا، اس وقت این.ڈی.اے. کی سرکار تھی، ان کے وزیر خارجہ جب ہندوستان آئے، تو ان سے ملاقات نہیں کی گئی۔ اسے پوری طرح سے تباہ کر دیا گیا، جو ہماری ساتھی ملک تھا۔ میں اپنے فارن منسٹر سے کہنا چاہتا ہوں کہ آپ اپنے دوستوں کو پہچانئے۔ جو شخص جس کا یاسر عرفات تھا، اندرا گاندھی کو صرف بہن کا رتبہ دیتا تھا، کس طریقے سے برباد ہو کر مر گیا۔ ان ظالموں نے گھیر لیا۔ آج یہاں رام جیٹھ ملانی صاحب نے بڑے رعاب کے ساتھ کہا کہ ایران ہمارا دشمن ملک ہے، اس سے کوئی اتحاد نہ کیا جائے، اس لئے کہ وہ حزب اللہ کو لبنان میں اسلحہ دیتا ہے۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ اسرائیل کیا ہے؟ کیا اسرائیل سے بڑا کوئی آتنک وادی ہے؟ اگر آتنک واد کا نام لینا ہے، تو آپ کو یقینی طور پر اسرائیل کے ساتھ دوری پیدا کرنی پڑے گی۔ اسرائیل وہ ملک ہے، جو فلسطین کے لئے گاندھی جی نے اپنی زندگی میں یہ کہہ دیا تھا، انہوں نے اسرائیل سے یہ کہہ دیا تھا کہ فلسطین کی زمین عربوں کی ہے۔ آج 60 سال سے وہ لوگ بے بس ہیں۔ ہندوستان کی طرف نگاہ دکھاتے ہیں اور یہی ہندوستان ان کی مدد کرتا تھا، لیکن نہ جانے ہم نے کیا سوچا ہے؟ اپنے دوستوں کو کھوتے چلے جا رہے ہیں۔ آج بھی ہندوستان کی طرف دنیا کے سارے ممالک، چاہے وہ مسلم ملک ہوں،

چاہے فارس کے ہوں، چاہے ایشیا کے ہوں، چاہے افریقہ کے ہوں، انہیں آپ کی ضرورت ہے۔ ہم چاہتے ہیں کہ ہمارے ملک کی خارجہ پالیس پھر ویسی ہی ہو اور ہم پھر قائد بنیں۔ آپ یقینی طور پر امریکہ کو دولت کے اعتبار سے بڑا ملک کہہ سکتے ہیں، لیکن قدروں کے اعتبار سے دنیا میں اس ملک کی کوئی حیثیت نہیں ہے۔ یہ ہماری شناخت ہونی چاہئے۔ یہ ہمارا حوصلہ اور فیصلہ ہونا چاہئے کہ جتنے بھی ممالک، جنہوں نے ہندوستان کی پالیسی پر یقین رکھنا ہے اور یہی وہ پالیسی ہے جو دنیا میں انصاف اور دنیا میں امن پیدا کر سکتی ہے۔

آج بی۔جے۔پی۔ کے لوگ ایک ہنگامہ مچا رہے ہیں اور یہ کہہ رہے ہیں کہ صاحب، ہمارے پرائم منسٹر نے بات چیت کیوں کی ہے؟ مجھے بتائیے کہ یہ بات چیت نہ کریں تو پھر کیا کریں؟ جیسا ابھی کہا کہ گفتگو بند نہ ہو، بات سے بات چلے۔ جب بات سے بات چلے گی تبھی کوئی فیصلے ہوں گے۔ لیکن ہم کو اپنی فاری پالیسی پر اتنا اعتماد ہونا چاہئے اور ہم کو وہ سبھی ساتھی کو ساتھ لانا چاہئے جو اندرا گاندھی نے لاکر دکھائے تھے۔ ابھی میں نے جیسا آپ سے کہا کہ سب سے بڑا امتحان سن 1971 میں ہندوستان پر آیا تھا۔ سارے کے سارے ملک ہندوستان کے ساتھ کھڑے تھے۔ پاکستان ٹوٹا تھا، تین ملک اس کے ساتھ تھے اور دنیا کے سارے ملک ہمارے ساتھ تھے۔ ہم اپنے کو کیوں ہٹا رہے ہیں؟ کیوں اپنی نشاندہی کر رہے ہیں؟ یقینی طور پر اگر آپ کو امریکہ سے معاہدہ کرنا ہے تو آپ یہ اس سے کہئے کہ تم اگر طالبان سے لڑائی لڑنا چاہتے ہو تو اس کے ہاتھ پاکستان سے روک دو۔ آج یہ طالبان کون ہیں؟ یہ آپ کو بھی پتہ ہے۔ امریکہ نے رشیا کو نکالنے کے لئے پاکستان کو پیسے دئے۔ وہ پیسے وہاں کے مدرسوں میں گئے۔ وہ مدرسے دولت مند بن گئے اور طالبان کی شکل اختیار کی۔ جب رشیا واپس چلا گیا تو وہی لوگ کشمیر بھیج دئے گئے۔ کیا ہم پاکستان سے یہ نہیں کہہ سکتے کہ آؤ، ہم سے ہاتھ ملاؤ؟ لیکن شرط یہ ہے کہ امریکہ جو تم کو افغانستان میں ظلم کرنے کے لئے پیسے دے رہا ہے، اس سے ہاتھ ہٹا لو۔ اگر ہم نے پاکستان کے ساتھ معاہدہ کر لیا تو خود بخود امریکہ کو یہاں سے ہٹنا پڑے گا۔ ہم امریکہ کے دشمن نہیں ہیں، لیکن امریکہ کی پالیسی ہمارے ساتھ کبھی اختلاف نہیں کر سکتی، کبھی

7.00 P.M.

نہیں جوڑ سکتی، اس لئے کہ وہ ہمارے کنسیپٹ کو نہیں سمجھ پاتی ہے، ہمارے بھائی چارے کو نہیں سمجھ پاتی ہے۔ ہماری جو ساجھی وراثت ہے، وہ اس کی سمجھ سے باہر ہے۔ اس کے پاس صرف دولت کمانے کا کام ہے۔ وہ اپنی اکانومی کو مضبوط کرنے کے لئے اسلحہ بناتا ہے ---(وقت کی گھنٹی)--- ہم اپنی اکانومی کو بڑھانے کے لئے اسلحہ نہیں بناتے ہیں۔ ہم جو کچھ کماتے ہیں، اپنے بھائیوں میں بانٹنے کے لئے بناتے ہیں۔ ان الفاظ کے ساتھ میں پرائم منسٹر کے اس اقدام کی پوری طریقے سے تائید کرتا ہوں اور یہ کہتا ہوں کہ گفتگو بند نہ ہو، بات سے بات چلے اور یہ ہم کو برابر قائم رکھنا چاہئے۔ بہت بہت شکریہ۔

(ختم شد)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Discussion on the working of the Ministry of External Affairs will continue tomorrow. Two speakers, the Leader of Opposition and Shri Sitaram Yechury, will be participating. All other speakers have spoken and no more speaker will be entertained. After that, there will be reply immediately after the Question Hour.

RECOMMENDATIONS OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform hon. Members that the Business Advisory Committee in its meeting held on 30th July 2009 has allotted time for the Government business as follows:—

	Business	Time allotted
1.	Consideration and passing of the Constitution (One Hundred and Ninth Amendment) Bill, 2009	Half-an-hour
2.	Consideration and passing of the Rubber (Amendment) Bill, 2009, after it is passed by Lok Sabha.	Two Hours

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Special Mentions.

SPECIAL MENTIONS

Demand for taking strict action to check heavy inflow of spurious chinese drugs into the country

SHRI A. ELAVARASAN (Tamil Nadu): Sir, I would like to bring to the notice of the Government the heavy inflow of spurious Chinese drugs into our country. Recently, it has